डीपीईपी एसएसएएम एनपीईजीईएल केजीबीवी

वार्षिक अहवाल

२००५-२००६



सब पढ़ें, सब बढ़ें

गुजरात प्रारंभिक शिक्षा परिषद्

सर्व शिक्षा अभियान मिशन

सेक्टर - १७, गांधीनगर

गुजरात



Gujrat
Population Map
N
PAKISTAN
RAJASTHAN
Banas Kantha
Rann Of Kachchh
Little Rann Of Kachchh
Patan
Mehsana
Kachchh
Sabar Kantha
Gandhi Nagar
Ahmedabad
Gulf of Kuchchh
Surendranagar
Kheda
Panchmahal
Dahod
Jamnagar
Rajkot
Anand
MADHYA PRADESH
Vadodara
Porbander
Map not to Scale
Bharuch
Narmada
Amreli
Bhavnagar
Junagadh
Legend
Population between
< 1million
1-2million
2-3million
> 3million
Data not found
Surat
Gulf of Khambhat
Diu (Daman & Diu)
Navsari
The Dangs
Valsad
Daman (Daman & Diu)
ARABIAN SEA
MAHARASHTRA
DADRA & NAGAR HAVELI

डीपीईपी एसएसएएम एनपीईजीईएल केजीबीवी

वार्षिक अहवाल

२००५-२००६



सर्व शिक्षा अभियान

सब पढ़ें, सब बढ़ें

गुजरात प्रारंभिक शिक्षा परिषद्

सर्व शिक्षा अभियान मिशन

सेक्टर - १७, गांधीनगर

गुजरात

अनुक्रमणिका

क्रम	विषय	पृष्ठ संख्या
-	आमुख	१
प्रकरण : १	गुजरात : राज्य की विशेषताएं	४
प्रकरण : २	अध्यापनविद्या परिप्रेक्ष्य में	८
प्रकरण : ३	दूरस्थ शिक्षा	१६
प्रकरण : ४	समुदायों का अभिप्रेरण	२१
प्रकरण : ५	कन्या शिक्षा की समस्याओं का समाधान	२७
प्रकरण : ६	विकल्प वैकल्पिक शिक्षा का	३२
प्रकरण : ७	विकलांग बच्चों के लिए संकलित शिक्षा	३६
प्रकरण : ८	मीडिया और अनुलेखन	४४
प्रकरण : ९	मेनेजमेन्ट इन्फर्मेशन सिस्टम (MIS)	४८
प्रकरण : १०	प्लार्निंग एण्ड मेनेजमेन्ट	५०
प्रकरण : ११	निर्माण कार्य	६६
प्रकरण : १२	अझीम प्रेमजी फ़ाउण्डेशन के सहयोग से नई परियोजनाए	७२
प्रकरण : १३	डिस्ट्रिक्ट प्रायमरी एज्यूकेशन प्रोग्राम का समापन	७७
प्रकरण : १४	वित्त और लेखा	८४
	अन्वेषित हिसाब	८८

आमुख

पृष्ठावलोकन में प्रतीत होता है कि गुजरात प्रारंभिक शिक्षा परिषद् के लिए सन २००५-०६, परियोजना अमलीकरण के दृष्टिकोण से उपलब्धियों का वर्ष रहा है ।

इस वर्ष के दौरान जून २००६ में डी.पी.ई.पी.-४ का साबरकांठा, कच्छ, सुरेन्द्रनगर, जूनागढ, जामनगर एवं भावनगर जिलों में नियत अवधि से पूर्व ही समापन किया गया । डी.पी.ई.पी. में शीखे गये पाठों से एस.एस.ए., एन.पी.ई.जी.ई.एल. एवं के.जी.बी.वी. परियोजनाओं के तहत प्रारंभिक शिक्षा के सार्वत्रीकरण के क्रिया-कलापों को लाभान्वित किया जा रहा है ।

एस.एस.ए. मिशन अमलीकरण के मध्य चरण में जब पहूँच गया है तब यह देखकर संतोष हो रहा है कि इस परियोजना ने गुजरात में स्कूलों की पहूँच बढाने तथा लैंगिक एवं सामाजिक अंतर को घटाने में गणनापात्र प्रगति प्राप्त की है । प्राथमिक स्तर पर राज्य लगभग सार्वत्रिक नामांकन के करीब पहूँच गया है । राज्य में ६-१४ वर्ष वयजूथ में समग्र तौर पर ९६.१८% नामांकन प्रवर्तमान है । वर्ष २००५-०६ के दौरान ११०.५३% जी.ई.आर. पाया गया है, जो कि वर्ष २००४-०५ के ९५.५०% से काफी बेहतर है । इसी प्रकार एन.ई.आर. भी ९५.०६% से बढ़कर ९६.२४५ % हुआ है । उच्च प्राथमिक नामांकन भी खासा बढ़ा है । एक ओर बच्चों के स्कूल छोड़ जाने के दर में लगाकर कमी आ रही हैं, तब स्थायीकरण में सुधार लाना तथा उसे शिक्षा के बेहतर स्तर से जोडना निहायत ही आवश्यक हो गया है ।

अतिरिक्त वर्गखंडो तथा नए स्कूल भवनों के निर्माण से पहूँच का प्रश्न असरदार तरीके से हल हो गया है और अब ऐसी एक भी बस्ती नहि जहाँ से एक किलोमीटर की दूरी पर कोई स्कूल या वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र न हो । एक और प्रोत्साहक बात यह भी है कि विशाल संख्या के वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों से बड़ी संख्या में बच्चों को मुख्य प्रवाह से जुड़ने का एवं सामान्य स्कूलों में पढ़ने का अवसर प्राप्त हुआ है ।

स्कूल से बहार रहनेवाले बच्चों की संख्या में खासी कमी हुई है, क्योंकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं लघुमति जैसे कुछ जूथों के स्कूल से बहार रहनेवाले बच्चों की संख्या अभी भी काफी ज्यादा है, तथापि इन बच्चों के नामांकन एवं स्थायीकरण का अवरोध करनेवाले सामाजिक-सांस्कृतिक कारणों सहित विशिष्ट संदर्भित पहलूओं की पहचान की जाए यह आवश्यक है । इसके लिए जरूरी है कि नीचे के स्तरों पर उपयुक्त रणनीतियों तथा क्रिया कलापों को विकसित करने के लिए क्षमता निर्माण किया जाए और संसाधन प्रदान किये जाएं ।

सन २००५-०६ के दौरान गुजरात में कक्षा १-७ के कुल १,७३,८७१ शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया । विविध विषयों पर कुल २५,३१,०५८ मानव-दिवसों के शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें जिला परियोजना कार्यालय के द्वारा दिए गए १६,१६,७३७ मानव-दिवसों और जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण भवनों द्वारा बी.आर.सी. तथा सी.आर.सी. की कक्षा

पर दिए गए ८,३५,९४३ मानव-दिवसों की तालीम शामिल है ।

परियोजना कर्मियों की विशाल संख्या को प्रशिक्षित करने के लिए टेलिकोन्फरन्स ने एक असरकारक माध्यम प्रदान किया । प्रसारक्षति इस माध्यम में बिलकुल नहि होती, अतः बी.आर.सी. एवं सी.आर.सी. कोओर्डिनेटर्स और शिक्षकों को विविध विषयों पर प्रशिक्षण देने के लिए इस वर्ष के दौरान इसका बखूबी प्रयोग किया गया ।

सार्वत्रिक और स्वयंस्फुरित जनसहयोग ने शाला प्रवेशोत्सव-२००५ को सही मानों में एक जनता का कार्यक्रम बना दिया । मान. मुख्यमंत्रीश्री एवं मान. शिक्षामंत्रीश्री की सीधी निगरानी मे राज्यव्यापी प्रवेशोत्सव के भाग स्वरूप जून २६,२७ व २८, २००५ के दौरान आयोजित त्रि-दिवसीय कन्या शिक्षा रथयात्रा को समग्र गुजरात में प्रचंड सफलता प्राप्त हुई ।

कन्या शिक्षा रथयात्रा को प्राप्त सफलता की विशालता का प्रमाण इस बात से जाहिर होता है कि इस कार्यक्रम के तीन दिवसों के दौरान ही १,१६,३५७ कन्याओं तथा १,१८,७२८ कुमारों सहित कुल २,३५,०८५ बच्चों ने १०,८४२ गाँवों की स्कूलों में कक्षा १ में दाखिला लिया । सिर्फ़ इन तीन दिनों के दौरान ही राज्य की स्कूलों ने रु. २,५९,३७,१७७ के मूल्य के रोकड़ एवं वस्तु स्वरूप दान जनसहयोग द्वारा प्राप्त किए ।

इस वर्ष एन.पी.ई.जी.ई.एल. के तहत कुल १,१०७ मोडल क्लस्टर स्कूल निर्मित हुए, जिन्हें बिजली, ८४२ पेय जल सुविधा तथा ९६७ कन्याओं के शौचालय की सुविधा प्रदान की गई । कुल १,०४९ मोडल क्लस्टर स्कूलों को कम्प्युटर भी दिए गए ।

बेक टू-स्कूल प्रोग्राम में २९,०२७ कन्याओं कक्षा २५,२६५ कुमारों सहित कुल ५४,२९२ बच्चों को सफलतापूर्वक मुख्य प्रवाह में शामिल किया गया । प्रवेशोत्सव २००५ के दौरान ११,८५८ कन्याओं कक्षा तथा ११,८३८ कुमारों सहित २३,६९६ बच्चों को औपचारिक स्कूलों में पुनः नामांकित किया गया । इस प्रकार ४०,८८५ कन्याओं एवं ३७,१०३ कुमारों सहित कुल ७७,९८८ बच्चों को सामान्य स्कूलों में वापस लाया गया । आदिवासी विस्तारों में शिक्षा गुणवत्ता के सुधार तथा तरंग-उल्लासमय शिक्षा के लिए यह जरूरी है कि बच्चों को उनकी स्थानिक बोली में पढ़ाया जाए । स्थानिक बोली के उपयोग से शिक्षा की प्रक्रिया को सहज और सरल बनाया जा सकता है । इस हेतु, स्थानिक शिक्षकों की मदद से आदिवासी तालुकों में स्थानिक बोली की शब्दकोषिकाएं तैयार की गई । भाषा रिसर्च एण्ड पब्लिकेशन सेन्टर, वडोदरा द्वारा विकसित की गई सचित्र शब्दकोषिकाओं को वडोदरा, साबरकांठा एवं पंचमहाल जिल्लों के आदिवासी तालुकों की स्कूलों में वितरित किया गया । आदिवासी विस्तार की स्कूलों में चाइल्ड ट्रेकिंग एप्रोच अपनाया गया है, जिसके तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि २००५-०६ में कक्षा १ में नामांकित बच्चे अपनी शिक्षा जारी रखें तथा प्राथमिक शिक्षा पूर्ण करें । इसका अनुसंधान वर्ष २००६-०७ में बच्चों को ट्रेक करने के लिए जारी रखा जाएगा ।

जनवरी, २००६ में पूर्ण किए गए सर्वेक्षणों के मुताबिक ६-१८ वर्ष वयजूथ के कुल ६७, २२१ विकलांग बच्चे राज्य के सभी जिलों की स्कूलों में नामांकित थे । वर्ष २००५-०६ के दौरान राज्य के कुल ४३,९०८ विकलांग बच्चों के लिए एसेसमेन्ट केम्प आयोजित किए गए । कुल ३३,७३२ विकलांग बच्चों को आवश्यक साधन-सामग्री दी गई । वर्ष के दौरान कुल १,३७२ शिक्षकों को आर.सी.आई., महाराजा भोज ओपन युनिवर्सिटी, भोपाल तथा अंधजन मंडल, अहमदाबाद के सहयोग से विशेष आवश्यकताओंवाले बच्चों के लिए फाउण्डेशन कोर्स की तालीम दी गई ।

गुजरात प्रारंभिक शिक्षा परिषद्ने बेंगलोर के अझीम प्रेमजी फाउण्डेशन के सहयोग से दो नवाचारी परियोजनाओं को गुजरात में पायलोट के तौर पर शुरु किया । लर्निंग गेरन्टी प्रोग्राम (एल.जी.पी.) एवं कम्प्युटर एइडेड लर्निंग प्रोग्राम (सी.ए.एल.पी.) को १५ अगस्त, २००५ के दिन राज्य के २५ जिलों की चुनिंदा ५१७ सरकारी स्कूलों में शुरु किया गया । इस परियोजना के द्वारा ग्रामीण विस्तारों के कक्षा ५ ७ के बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें प्रमुख भूमिका है पाठयक्रम आधारित सी.डी. के ऐम सेटस की जो कि पढ़ने में उनकी रुचि को बढ़ावा देंगी । स्कूलों को २० आंतरक्रियात्मक सी.डी. का एक सेट दिया गया है, जिसमें बाल केन्द्रीय विषयवस्तु को बिना शिक्षक की निगरानी से भी बच्चे सरलता से गृहीत कर सकते है । आसान पहूँच तथा निर्गम के कारण सी ए.एल.पी. स्वयं नियमन कर सकता है । बच्चों की ओर से लगातार प्राप्त एक प्रतिक्रिया के अनुसार वे इसका उपयोग बहुत पसंद करते है, क्योंकि वे जब गलती करते है तब कम्प्युटर उन्हें डाँटता नहि । मेरा खयाल है कि सभी शिक्षकों की इस बात का एहसास होना चाहिए ।

सीखने के दौरान अगर बच्चे गलतियां करें तो भी उन्हे डाँटना नहि चाहिए । बिना डाँटे भी तो पढ़ाया जा सकता है । इस की वजह से सीखने की प्रक्रिया कहीं ज्यादा आसान और असरदार हो जाएगी ।

(मीना भट्ट)
स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर
गुजरात प्रारंभिक शिक्षा परिषद्

प्रकरण : १
गुजरात : राज्य की विशेषताएं

१.० विस्तार और जनसंख्या

गुजरात का विस्तार है करीब १.९६ लाख वर्ग कि.मी.। राज्य २५ जिलों और २२४ तालुकों में विभाजित है। जनगणना २००१ के हंगामी आंकड़ों के अनुसार राज्य की कुल आबादी ४.८४ करोड़ है, जिसमें भूकंपग्रस्त क्षेत्रों को शामिल नहि किया गया। भूकंपग्रस्त विस्तारों के अनुमानित आंकड़ों को शामिल किये जाने पर गुजरात की आबादी ५.०६ करोड़ की है।

भारत का ६.१९ प्रतिशत विस्तार गुजरात है। भूकंपग्रस्त विस्तारों के आंकड़ों सहित, राज्य की जनसंख्या देश की कुल जनसंख्या का ४.९३ प्रतिशत है।

१.१ घनता

गुजरात में आबादी की घनता २५८ व्यक्ति प्रति किलोमीटर थी वर्ष २००१ में । अहमदाबाद जिले में सर्वाधिक घनता पाई गई है, जो कि७१८ व्यक्ति प्रति किलोमीटर है, जबकि सबसे कम घनता कच्छ जिलें में पाई गई है, जहाँ ३५ व्यक्ति प्रति किलोमीटर विस्तार में रहते हैं।

१.२ लैंगिक अनुपात

गुजरात का लैंगिक अनुपात, जो कि १९९१ में ९३४ था, घटकर ९२१ हुआ है। डांग और अमरेली जिलों में सर्वाधिक अनुपात ९८६ है, जबकि सुरत जिले का लैंगिक अनुपात ८३५ राज्य में सबसे कम है।

अनुसूचित जाति के लिये राज्य का लैंगिक अनुपात ९२५ है, जो कि शहरी विस्तारों में ९११ और ग्रामीण विस्तारों में ९३४ हैं ।

अनुसूचित जनजाति के लिये राज्य का लैंगिक अनुपात ९७४ है, जो कि शहरी विस्तारों में ९२६ और ग्रामीण विस्तारों में ९७८ हैं ।

१.३ साक्षरता

राज्य की साक्षरता (० - ६ वर्ष के बच्चों के अलावा), जो कि वर्ष १९९१ में ६१.२९ प्रतिशत थी, वर्ष २००१ में बढ़कर ६९.६७ प्रतिशत हुई है। पुरुषों में साक्षरता वर्ष १९९१ में ७३.१३ प्रतिशत थी, जो कि वर्ष २००१ में बढ़कर ८०.२१ प्रतिशत हुई है, जबकि महिला साक्षरता, जो कि वर्ष १९९१

में ४८.६४ प्रतिशत थी, वर्ष २००१ में बढ़कर ५८.२९ प्रतिशत हुई है। ग्रामीण विस्तारों का साक्षरता दर ८१.८२ प्रतिशत है, जबकि शहरी विस्तारों में साक्षरता दर ८२.३४ प्रतिशत है। जनगणना जहाँ की गई थी उन २४ जिलों में सर्वाधिक साक्षरता दर ७९.८९ प्रतिशत अहमदाबाद जिले का रहा, जबकि न्यूनतम साक्षरता दर ४५.६५ दाहोद जिले का पाया गया।

१.४ शहरीकरण

जनगणना २००१ के हंगामी आंकड़ों के अनुसार गुजरात की ३७.३५ प्रतिशत आबादी शहरी विस्तारों में रहती है । कच्छ, जामनगर और राजकोट जिले के आंकड़े इसमें शामिल नहीं, क्योंकि भूकंप के कारण इन जिलों में जनगणना सम्पन्न नहीं हो सकी थी । वर्ष १९९१ में यह शहरी जनसंख्या ३४.४९ प्रतिशत थी । राज्य में सबसे अधिक शहरीकृत जिला अहमदाबाद है जहाँ ८०.०९ प्रतिशत आबादी शहरी विस्तारों में रहती है, जबकि डांग एक ऐसा जिला है जो कि संपूर्ण ग्रामीण है जहाँ शहरी जनसंख्या बिलकुल नहि है।

१.५ अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजातियां

जनगणना २००१ के अनुसार, राज्य में अनुसूचित जाति की आबादी ३५,९२,७१५ है, जो कि कुल आबादी का ७.९ प्रतिशत है । इनमें १८,६६,२८३ पुरुष हैं, जो कि ७.०७ प्रतिशत है और १७,२६,४३२ महिलाएँ हैं, जो कि ७.११ प्रतिशत हैं । राज्य में अनुसूचित जाति की शहरी आबादी १४,१२,२२४ है, जो कि ३९.३१ प्रतिशत हैं । ग्रामीण विस्तारों में अनुसूचित जाति की आबादी २१,८०,४४१ है जो कि ६०.६९ प्रतिशत है ।

जनगणना २००१ के अनुसार राज्य में अनुसूचित जनजाति की आबादी ७४,८१,१६० है, जो कि कुल आबादी का १४.७६ प्रतिशत है । इनमें ३७,९०,११७ पुरुष हैं, जो कि १४.३६ प्रतिशत है और ३६,९१,०४३ महिलाएँ हैं, जो कि १५.२० प्रतिशत हैं । राज्य में अनुसूचित जनजाति की शहरी आबादी ६,१४,५२३ है, जो कि ८.२१ प्रतिशत है । ग्रामीण विस्तारों में अनुसूचित जनजाति की आबादी ६८,६६,६३७ है, जो कि ९१.७९ प्रतिशत है ।

१.६ प्राथमिक शिक्षा

चूँकि शैक्षिक पिछड़ापन की बुनियाद प्राथमिक शिक्षा होती है, गुजरात सरकार ने इसके विकास को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। राज्य में हर बस्ती से एक किलोमीटर की त्रिज्या में एक प्राथमिक स्कूल है तथा शिक्षक विद्यार्थी अनुपात १:४० है, जो कि राष्ट्रीय मापदंडों के अनुसार ठीक ही है।

विविध योजनाओं के अमलीकरण का परिणाम यह प्राप्त हुआ है कि कक्षा १ से ७ के बच्चों का स्कूल छोड़ जाने का दर, जो कि १९९६ - ९७ में ४९.४९ था, घटकर वर्ष २००५ - ०६ में ११.८२ पर आ पहुँचा है अर्थात् स्थायीकरण दर अब ८८.१८ है । १ से ५ के बच्चों का स्कूल छोड़ जाने का दर वर्ष १९९६-९७ में ३५.४० था, जो कि वर्ष २००५-०६ में घटकर ५.१३ हुआ है अर्थात् इनका स्थायीकरण दर ९४.८७ है ।

वर्ष २००५-०६ के दौरान राज्य में कुल ३७,२५६ प्राथमिक स्कूल्स हैं जिनमें ३२,३१८ सरकार/पंचायतों द्वारा चलाए जाते हैं जबकि ४,९३८ सहायित/असहायित निजी संस्थानों द्वारा । इस वर्ष के दौरान कक्षा १ से ७ में बच्चों का कुल नामांकन ७१,५३,८६८ है, जिनमें ३८,४०,८७९ लड़के तथा ३३,१२,९८९ लड़कियां हैं। १ से ५ में बच्चों का कुल नामांकन ५४,७९,८६१ है, जिनमें २९,०६,१४० लड़के तथा २५,७३,७२१ लड़कियाँ हैं।

१.७ मुफ्त पाठ्य-पुस्तकें

जिला शिक्षा समिति और म्युनिसिपल स्कूल बोर्ड द्वारा चलाए जा रहे स्कूलों में कक्षा १ से ७ के बच्चों को मुफ्त पाठ्य पुस्तक देने की योजना का बहुत अच्छा असर हुआ है - इससे नामांकन तथा स्थायीकरण के दर में वृद्धि हुई है ।

१.८ प्राथमिक स्कूलों में कक्षा की बढ़ोतरी

यह देखा गया है कि बच्चों के प्राथमिक शिक्षा पूर्ण न करने का प्रमुख कारण है गाँव में कक्षा ५ से आगे पढ़ने की सुविधा न होना । इस समस्या को हल करने के लिए हर गाँव में कमसेकम एक प्राथमिक स्कूल की कक्षा की बढ़ोतरी करके उसे उच्चतर प्राथमिक स्कूल बनाया गया है।

१.९ विद्यालक्ष्मी योजना

विद्यालक्ष्मी योजना राज्य के उन गाँवो में लागू की गई हैं जहाँ महिला साक्षरता ३५ प्रतिशत से कम है। इस योजना का उद्देश्य है प्राथमिक स्कूलों में कन्याओं का १०० प्रतिशत नामांकन और स्थायीकरण सिद्ध करना। इस के तहत कक्षा १ में नामांकित होनेवाली हर कन्या को रु. १००० के मूल्य के नर्मदा बोंड दिए जाते हैं जो कि सात वर्ष के बाद परिपक्व होते हैं जिन्हें वह सात वर्ष की प्राथमिक शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात् ही प्राप्त कर सकती है।

१.१० विद्यादीप योजना

स्कूल में पढ़नेवाले बच्चों को बीमे की सुरक्षा प्रदान करने के हेतु से राज्य सरकार ने विद्यादीप

योजना शुरु की है। २६ जनवरी, २००१ के दिन भूकंप में जान खोनेवाले बच्चों की स्मृति में शुरु की गई इस योजना का लाभ प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्कूलों के बच्चों को प्राप्त होगा। राज्य सरकार इसके प्रीमियम की सालाना किश्त अदा करेगी। इसके तहत रु. २५,००० कि रकम का बीमा प्राथमिक स्कूल के बच्चों के लिये एवं रु. ५०,००० की रकम का बीमा माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूल के बच्चों के लिए लिया जाएगा।

प्राकृतिक मृत्यु और आत्महत्या के अलावा किसी भी दुर्घटना में जान खोनेवाले बच्चे के माता पिता को बीमा कम्पनी द्वारा बीमे की रकम अदा की जाएगी। इस विषय में स्कूल के आचार्य द्वारा, बच्चे की मृत्यु के एक सप्ताह के भीतर ही एक नियत प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा जिसके आधार पर बीमा की रकम १५ दिनों के भीतर ही चेक द्वारा अदा कर दी जाएगी ।

प्रकरण : २

अध्यापनविद्या परिप्रेक्ष्य में

२.० अध्यापनविद्या प्रणाली का नवीनीकरण

सर्व शिक्षा अभियान के तहत गुजरात में अध्यापनविद्या के नवीनीकरण की प्रक्रिया को अप्रतिम सफलता प्राप्त हुई है । अध्यापनविद्या प्रणाली के नवीनीकरण की प्रक्रिया में अध्यापकों, विश्व विद्यालयों के व्यवसायियों, कालेजो और गैर सरकारी संगठनों के साथ विचार-विमर्श कर विकेन्द्रीकरण की ओर ज्यादा ध्यान दिया गया है । जिला स्तर पर भी ऐसे ही विचार-विमर्शों की प्रणाली लागू करने के प्रयास किए गए है । ब्लोक एवं क्लस्टर के स्तर पर संसाधन केन्द्रों की रचना से पहले की प्रशासकीय निरीक्षण प्रणाली में भी बदलाव लाया गया है । अब शिक्षकों के प्रशिक्षण के अनुश्रवण और सहायरूप मुलाकातों पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जहाँ शिक्षकों को शैक्षिक मशवरे प्रदान किये जाते हैं, ताकि वे सिखने - सिखाने की बदलती स्थितियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें ।

उपर्युक्त संदर्भ में नई पाठ्य पुस्तकों के विकास, शैक्षिक मूल्यांकन, नई अध्यापनविद्या के प्रति शिक्षकों के अभिप्रेरण की दिशा में ठोस कदम उठाए गए, जिसे विद्यार्थी केन्द्रित, प्रवृत्ति आधारित एवं आनंददायी सिखाने/पढ़ाने की पद्धति के विस्तृत परिप्रेक्ष्य में देखा गया । अध्यापनविद्या के लिए विशेष रूप से गठित राज्य संसाधन जूथ अध्यापनविद्या के नवीनीकरण की प्रक्रिया में अहम भूमिका निभा रहे है। ब्लोक एवं क्लस्टर संसाधन केन्द्रों को कार्यान्वित किया गया है। डीपीईपी और सर्व शिक्षा अभियान के तहत सभी विद्यालयों को टी.एल.एम. अनुदान और विद्यालय अनुदान मुहैया कराए गए है ।

२.१ कक्षा ८ के बच्चों को मुफ्त पाठ्य पुस्तकें

राज्य सरकार के द्वारा कक्षा १ से कक्षा ७ के सभी बच्चों को मुफ्त पाठ्य-पुस्तकें दी जाती हैं। गुजरात में सर्व शिक्षा अभियान के तहत कक्षा ८ की मुफ्त पाठ्य पुस्तकें सभी कन्याओं को तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लड़कों को दी जाती है । वर्ष २००५-०६ के दौरान कक्षा ८ की पाठ्यपुस्तकें कुल ३,९६,५१९ विद्यार्थियों को दी गई, जिनमें २,८५,५८१ लड़कियां तथा २,५७,२५६ अनुसूचित जाति के लड़कों एवं ५३,६८२ अनुसूचित जनजाति के लड़कों का समावेश होता है ।

२.२ बी.आर.सी. एवं सी.आर.सी. कोऑर्डिनेटर्स की स्थिति

गुजरात के सभी जिला में नियुक्त बी.आर.सी./सी.आर.सी. संकलनकारों की स्थिति इस प्रकार है:

क्रम	जिला	बी.आर.सी. की संख्या	सी.आर.सी. की संख्या	क्रम	जिला	बी.आर.सी. की संख्या	सी.आर.सी. की संख्या
१	अहमदाबाद	११	१४०	१६	नर्मदा	४	७०
२	अहमदाबाद कार्पोरेशन	-	४३	१७	नवसारी	५	८४
३	अमरेली	११	१२१	१८	पंचमहाल	११	१६६
४	आणंद	८	१२५	१९	पाटण	७	६९
५	बनासकांठा	१२	२००	२०	पोरबंदर	३	३४
६	भरूच	८	१०२	२१	राजकोट	१४	१४९
७	भावनगर	११	१४५	२२	राजकोट कोर्पोरेशन	-	२३
८	दाहोद	७	९५	२३	साबरकांठा	१३	२१४
९	डांग	१	३२	२४	सुरत	१४	२१८
१०	गांधीनगर	४	५७	२५	सुरत कार्पोरेशन	-	३३
११	जामनगर	१०	१४४	२६	सुरेन्द्रनगर	१०	१३५
१२	जूनागढ	१४	१६४	२७	वडोदरा	१२	२१०
१३	खेडा	१०	१४७	२८	वडोदरा कोर्पोरेशन	-	१६
१४	कच्छ	१०	१७६	२९	वलसाड	५	१०३
१५	महेसाणा	९	९६		**कुल**	**२२४**	**३३५१**

२.३ विद्यासहायकों की नियुक्ति और प्रशिक्षण

गुजरात सरकार द्वारा लागू की गई विद्यासहायक योजना के तहत, विद्यासहायकों की नियुक्ति अलग-अलग चरणों में लागू हो रही है । वर्ष २००४-०५ के दौरान कुल १५,४६८ विद्यासहायकों को राज्य में नियुक्त किया गया और उन्हें प्रत्यक्ष प्रशिक्षण दिया गया । पिछले वर्ष प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा इस वर्ष के दौरान बी.आर.सी. स्तर पर विद्यासहायकों को क्षमता आधारित प्रशिक्षण दिया गया। नए विद्यासहायकों को डीपीईपी और एसएसए के अमलीकरण में उनकी भूमिका और कार्यप्रणाली के अलावा प्रवृत्ति आधारित उल्लासमय सीखने/पढ़ने की प्रक्रिया की तकनीकों के बारे में अभिसंस्करित किया गया।

वर्ष १९९८-९९ में शुरु की गई विद्यासहायक योजना के तहत, अब तक गुजरात में कुल ८२,१४८ विद्यासहायकों की नियुक्ति की गई है ।

२.४ शिक्षक प्रशिक्षण

पूर्व की व्याख्यान आधारित एकपक्षीय प्रक्रिया के स्थान पर शिक्षक प्रशिक्षण में अब अधिक आंतरक्रिया युक्त द्विपक्षी प्रक्रिया को अपनाया गया है । इस प्रकार के प्रशिक्षण में भाषण के स्थान पर प्रशिक्षार्थियों के लिए एक प्रयोगात्मक अनुभव देने का प्रयास होता है, जैसे कि कोई प्रवृत्ति करना, भूमिका अदा करना, सद्यपाठ करना अथवा कुछ विशेष कार्य या कवायत करना ताकि तालीम के दौरान ही स्वानुभव द्वारा पृथक्करण किया जा सके । इस प्रकार प्रयोगात्मक प्रशिक्षण ने पूर्व के उस प्रशिक्षण का स्थान लिया है जिसमें प्रतिभागी को कोइ भूमिका अदा करनी नहीं होती थी।

२.४.१ एसएसए में शिक्षक प्रशिक्षण की रणनीति

अध्यापन-अध्ययन प्रक्रिया में शिक्षक की प्रमुख भूमिका होती है और वे वर्गखंड में गुणवत्ता सुधार के लिए जिम्मेदार होते है । वर्गखंड स्थिति में शिक्षक की क्षमता का आधार उसके विविध विषयों के ज्ञान एवं कौशल्य तथा अध्यापनविद्याकीय पद्धतिओं पर है । इसके उपरांत, शिक्षक के रुझान, तत्परता और रुचि के स्तर तथा बच्चों के माता पिता एवं स्थानिक समुदायों के साथ आंतरक्रिया करने की क्षमता का भी वर्गखंड में गुणवत्ता सुधार करने में योगदान होता है ।

सामान्यतया शिक्षकों एवं स्कूलों की आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें अध्यतन अध्यापनविद्याकीय पद्धतिओं एवं प्रक्रियाओं का शुमार किया जाता है । प्रशिक्षण से शिक्षकों के व्यवसायिक विकास में एवं सार्वत्रिक प्रारंभिक शिक्षा की गुणवत्ता के सुधार में मदद मिलती है ।

गुजरात में ३२,२४४ प्रशालिक स्कूल है जिसमें व्यवसायिक रूप से प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा शिक्षा दी जाती है ।

सर्व शिक्षा अभियान के तहत जिला कर्मियों के मार्गदर्शन में बीआरसी एवं सीआरसी कोओर्डिनेटर्स के जरिये शिक्षकों को २० दिन की सेवाकालीन तालीम दी गई । डायट्स द्वारा आवश्यकता अनुसार विषयवस्तु की तथा जिला परियोजना कार्यालय द्वारा एसएसए के व्यवस्थापन की तालीम दी गई । गुजरात एचीवमेन्ट प्रोग्राम (जी.ए.पी.) द्वारा सूचित कठिन बिंदुओं को सरल बनाया गया, जिन्हें एकीकृत करके विविध विषयों के मोडयूल्स डायट्स द्वारा बनाये गए ।

सर्व शिक्षा अभियान के लक्ष्यांकों को सिद्ध करने के लिए क्लस्टर और ब्लाक स्तर पर वर्गखंड आंतरक्रिया, टीएलएम विकास, प्रवेशोत्सव, संपूर्ण गुणवत्ता व्यवस्थापन, स्कूलों तथा शौचालयों का निर्माण जैसे विविध विषयों की तालीम दी जाती है । स्टेट रिसोर्स ग्रुप (एस.आर.जी.) तथा डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स ग्रुप (डी.आर.जी.) द्वारा मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया जिन्हों ने क्लस्टर रिसोर्स ग्रुप (सी.आर.जी.) के सदस्यों को क्लस्टर स्तर के प्रशिक्षण की तालीम दी । आवश्यकता अनुसार ब्लाक तथा क्लस्टर स्तर पर विविध विषयों की अनुसमर्थन सामग्री मुद्रित की गई जिसमें एस.आर.जी. तथा बी.आर.जी. को दिया गया ।

की रिसोर्स पर्सन्स (के.आर.पी.) को राज्य स्तर पर इस प्रकार के प्रशिक्षण की तालीम दी गई जिनके द्वारा जिला स्तर पर तथा जिला स्तर के के.आर.पी. द्वारा तालुका स्तर के रिसोर्स पर्सन्स को प्रशिक्षण दिया गया ।

अंततोगत्वा, इन रिसोर्स पर्सन्स द्वारा क्लस्टर स्तर पर सभी शिक्षकों को वर्ष २००५-०६ के दौरान प्रशिक्षण दिया गया ।

एसएसए का एक उद्देश्य है प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता का सुधार करना । इसे सिद्ध करने के लिए प्राथमिक स्कूलों से शत प्रतिशत मूल्यांकन एवं श्रेणीकरण आवश्यक है । इस लक्ष्य को गुजरात में अंशतः सिद्ध किया गया है ।

शिक्षा की गुणवत्ता के सुधार के लिए यह जरूरी है की शिक्षकों का विषयवस्तु, कौशल्यपूर्ण वर्गखंड आंतरक्रिया तथा आधुनिक शिक्षा के अनुभव से सुसज्जित किया जाए । वर्ष २००५-०६ के दौरान राज्य में निम्नदर्शित विषयों पर शिक्षक प्रशिक्षण दिया गया ।

२.४.२ स्कूल्स से बाहर रहनेवाले बच्चों की पहचान एवं उनका नामांकन तथा स्थायीकरण

जून २००५ में प्रवेशोत्सव के दौरान ६ - ११ वर्ष वयजूथ के सभी बच्चों को औपचारिक स्कूलों तथा वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों में नामांकित करने के प्रयास किए गए । स्कूल से बाहर रहनेवाले बच्चों की पहचान करने तथा उन्हें स्कूलों तथा वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों में नामांकित करने के लिए उनके माता-पिता को समझाने की तालीम दी गई । उन्हें बच्चों के स्थायीकरण के लिए भी प्रशिक्षण दिया गया ।

२.४.३ असरदार वर्गखंड आंतरक्रिया के द्वारा गुणवत्ता सुधार

शिक्षकों को असरदार वर्गखंड आंतरक्रिया द्वारा गुणवत्ता सुधारने की तालीम दी गई, जिसमें उनके कौशल्यों के विकास पर भार दिया गया था । इससे बच्चों के लिए अध्यापन-अध्ययन प्रक्रिया और रुचिपूर्ण हो पाई ।

२.४.४ वर्गखंड में टी.एल.एम का असरदार उपयोग

स्थानिक सामग्री से संदर्भित टी.एल.एम. बनाने का कौशल्य विकसित करने की तालीम शिक्षकों को दी गई । उन्हें प्रेरित किया गया कि वे, मार्केट में तैयार टी.एल.एम. खरीदने के बजाए, स्वयं टी.एल.एम. का निर्माण करें । वर्गखंड में टी.एल.एम. का निर्माण करने से बच्चों को भी सहभागी होने का अवसर प्राप्त होता है, जिससे विविध विषयों के कठिन बिंदुओं को सीखाने में आसानी रहती है ।

२.४.५ ग्रेड सिस्टम का प्रशिक्षण

शिक्षकों को स्कूलों में ग्रेड सिस्टम से उपयोग की परिकल्पना एवं महत्व के बारे में प्रशिक्षण दिया गया । इससे उन्हें बच्चों के अविरत और संपूर्ण मूल्यांकन करने में आसानी रहती है तथा विद्यार्थियों में विकृत प्रतियोगिता कम होती है ।

२.४.६ प्रवृत्ति आधारित उल्लासमय शिक्षा

बच्चों के लिए सीखने की प्रक्रिया को ज्यादा दिलचस्प और सहभागीतापूर्ण बनाने के लिए, शिक्षकों को प्रवृत्ति आधारित उल्लासमय शिक्षा की तालीम दी गई । इससे बच्चों को विविध विषयों की शिक्षा को ग्रहण करने में आसानी रहती है ।

२.४.७ कम्प्यूटर एइडेड लर्निंग

शिक्षकों को प्राथमिक स्कूलों में कम्प्यूटर एइडेड लर्निंग (सी.ए.एल.) के उपयोग के लिए प्रशिक्षण दिया गया । कम्प्यूटर एइडेड लर्निंग में उपयोग में लिए जानेवाले हार्डवेर एवं सोफ्टवेर के सामान्य पहलुओं पर उनका नवसंस्करण किया गया । सी.ए.एल. की नवाचारी तकनिकों द्वारा अध्यापन-अध्ययन प्रक्रिया को असरदार बनाने के प्रयास किए गए ।

२.४.८ दैनिकपोथी एवं गृहकार्यपोथिका आयोजन

दैनिकपोथीके आयोजन के विषय पर शिक्षकों को तालीम दी गई जिससे उन्हें शैक्षिक कार्यों के आयोजन करने में तथा वर्गखंडशिक्षाके वास्तविक चित्र को समझने में सरलता हुई । गृहकार्यपोथी का आयोजन द्वारा शिक्षकों का गृहकार्य की उपयोगिता समझाई गई तथा बच्चों का भार कम करने एवं उन्हें आनंदमय शिक्षा देने के विषय में तालीम दी गई ।

२.४.९ स्कूल्स स्वास्थ्य और तरुण शिक्षा

शिक्षकों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उन्हें स्कूल्स स्वास्थ्य और तरुण शिक्षा की समस्याओं तथा तरुणों की आवश्यकताओं के बारे में तालीम दी गई । इसमें कक्षा ५ से ७ के बच्चों की मनोवैज्ञानिक एवं शैक्षिक समस्याओं को समझने में शिक्षकों को मदद मिली ।

२.४.१० विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा

अल्प से मामूली विकलांगतावाले बच्चों को उपयुक्त और पर्याप्त शिक्षा प्राप्त हो यह सुनिश्चित करने शिक्षकों को दृष्टि, श्रवण, अस्थि एवं मानसिक विकलांगता से सम्बन्धित मुद्दों तथा समस्याओं के बारे में तालीम दी गई । विकलांग बच्चों को मुख्य प्रवाह में शामिल करने के लिए उनकी विशेष आवश्यकताओं के बारे में शिक्षकों का संवेदित किया गया ।

२.४.११ भाषा एवं व्याकरण

प्रारंभिक शिक्षा के स्तर पर बच्चों के प्राथमिक अध्ययन स्तर को सिद्ध करने के लिए भाषा की पठन और लेखन क्षमता का विशेष महत्व है । बच्चों के लिए भाषा तथा व्याकरण की शिक्षा को ज्यादा रुचिप्रद एवं असरदार बनाने के लिए शिक्षकों को तालीम दी गई ।

२.४.१२ अन्वेषित हिसाब एवं खर्च पत्रक

सर्व शिक्षा अभियान के क्रिया-कलापों का नियत आर्थिक धोरणों के अनुसार असरदार अमल हो यह सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को हिसाब निभाने आर्थिक रजिस्टरों को निभाने, आर्थिक पत्रकों को तैयार करने तथा स्कूल स्तर पर खरीद प्रक्रिया को सही ढंग से लागू करने की विशेष तालीम दी गई । सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्राप्त आर्थिक अनुदान एवं उसके खर्च के विषय में पारदर्शिता निभाने की भी उन्हे तालीम दी गई ।

२.४.१३ संगीत एवं कलाकी शिक्षा

शिक्षकों को हार्मोनियम और तबला जैसे संगीत के साधनों को बजाने की तालीम दी गई जिससे की गीतों, काव्यों एवं प्रार्थनाओं जैसी आनंददायी प्रक्रियाओं से शिक्षकों का अध्यापन करने में सुविधा हो सकती है ।

२.४.१४ शिक्षा का संपूर्ण गुणवत्ता व्यवस्थापन

एसएसए का एक मुख्य उद्देश्य है गुणवत्तायुक्त प्रारंभिक शिक्षा, जिसे प्राप्त करने के लिए शिक्षकों को संपूर्ण गुणवत्ता व्यवस्थापन के बारे में प्रशिक्षित किया गया, जिसमे आयोजन की रणनीतिओं के विभिन्न घटकों की पहचान, मोनीटरिंग एवं निगरानी द्वारा संपूर्ण गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए उनकी क्षमता का निर्माण किया गया ।

२.४.१५ आपदा व्यवस्थापन में शिक्षक की भूमिका

प्राकृतिक आपदाओं के दौरान विकट परिस्थितियों का व्यवस्थापन करने में शिक्षकों की भूमिका बहोत ही महत्वपूर्ण हो सकती है । गैरसरकारी संस्थानों तथा विविध क्षेत्र के तजज्ञों द्वारा शिक्षकों को विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं के व्यवस्थापन की तालीम दी गई । इससे स्कूलो में विद्यार्थीओं का माध्यस्तर के आपदा व्यवस्थापन के लिए प्रशिक्षित करने में शिक्षकों की क्षमता निर्मित की गई ।

२.४.१६ स्कूल रजिस्टर बनाना एवं निभाना

स्कूल स्तर पर शैक्षिक, दफ्तरी तथा आर्थिक रजिस्टरों को तैयार करने तथा उन्हें निभाने की तालीम शिक्षकों को दी गई जिससे की उनमें स्कूल एवं ग्राम्य स्तर के पहलुओं के व्यवस्थापन की क्षमता बेहतर हुई ।

२.४.१७ स्कूल भवन, स्वच्छता एवं जल सुविधा

स्कूलों में भवन, स्वच्छता एवं पेय जल की सुविधा को उचित ढंग से निभाना स्वास्थ्य की दृष्टि से बहोत ही आवश्यक है । अहमदाबाद के प्रतिष्ठित गैरसरकारी संस्थान सफाई विद्यालय द्वारा स्कूल स्तर पर स्वच्छता एवं स्वस्थ पर्यावरण निभाने के विषय में शिक्षकों को तालीम दी गई । बच्चों को भी घर तथा स्कूल के स्तर पर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य निभाने की तालीम दी गई ।

२.५ वर्ष २००५ - ०६ के दौरान गुजरात में जिलावार शिक्षक प्रशिक्षण

एस.एस.ए. के तहत जिला स्तर पर शिक्षक प्रशिक्षण बी.आर.सी. एवं सी.आर.सी. द्वारा स्थानिक डायट के साथ मिलकर आयोजित किया जाता है, जिन्हें कि अध्यापनविद्याकीय तथा शिक्षक प्रशिक्षण की आवश्यकताओं की पहचान तथा आयोजन करने की सत्ता प्रदान की गई है। इस हेतु विशेष धनराशि एस.एस.ए. के तहत इन्हें दी जाती है । गुजरात में वर्ष २००५- ०६ के दौरान शिक्षकों को कुल २५,३१,०५४ मानव दिवसों के लिये प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें ८,७१,६२८ मानव दिवसों का प्रशिक्षण डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट ओफिस द्वारा तथा १६,५९,४२६ मानव दिवसों का प्रशिक्षण डायट द्वारा दिया गया ।

गुजरात के सभी जिलों तथा म्युनिसिपल कार्पोरेशन विस्तारो में शिक्षकों को आधुनिक अध्यापनविद्या के विविध आयामों की तालीम दी गई, उदाहरणार्थ, बालकेन्द्रित एवं संदर्भित टी.एल.एम. का निर्माण, सभी विषयों के कठिन बिंदुओं की असरदार शिक्षा, नई पाठ्य-पुस्तकें, स्कूल स्तर का

शैक्षिक आयोजन तथा सर्व शिक्षा अभियान की अमलवारी, इत्यादि । जिला परियोजना इकाईयों द्वारा वी.आर.सी. स्तर पर तथा डायट द्वारा वी.आर.सी. एवं सी.आर.सी. स्तर पर इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजित किया गया, जिसका विवरण नीचे दिया गया है ।

एस.एस.ए. कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षण (वर्ष २००५ - ०६)

क्रम	जिला	डीपीसी द्वारा प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या	डायट द्वारा प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या	कुल
१	अहमदाबाद	१६४०२	८०४८८	९६८९०
२	अमरेली	४१७२	७१६६५	८५८३७
३	आणंद	३१६८६	८१६००	११३२८६
४	भरूच	१२९७६	७७८६२	९०८३८
५	गांधीनगर	३६६०२	४७६४८	३६६०२
६	खेडा	८२०९४	८३१६१	१६५२५५
७	मेहसाणा	५२९९५	३६३४८	८९३४३
८	नवसारी	८१९०	४१५०२	४९६९२
९	नर्मदा	५७५३	३८३१७	४४०७०
१०	पाटण	४४०६६	३२५२६	७६५९२
११	राजकोट	५३९३५	४८१०७	१०२०४२
१२	सुरत	३५६८५	४२६८९	७८३७४
१३	वडादरा	३६०५४	१३७२७२	१७३३२६
१४	वलसाड	४६३५२	४४३७७	९०७२९
१५	बनासकांठा	५८७०८	९४४६७	१५३१७५
१६	पंचमहाल	५८११९	११५२४९	१७३३६८
१७	दाहोद	५९११२	८६०५८	१४५१७०
१८	डांग	२३५८	७१०५	९४६३
१९	पोरबंदर	०	५९५७	५९५७
२०	अमा. कोर्पो.	२८५३	४५५८६	५५४३९
२१	वडोदरा कोर्पो.	४००६	५१७७	९१८३
२२	सुरत कोर्पो.	३२३६८	३२२६४	६४६३२
२३	राजकोट कोर्पो.	२६३०	८५५१	११९८१
२४	सुरेन्द्रनगर	१२०५५	६१४९०	७३५४५
२५	साबरकांठा	५०७४०	८९४२८	१४०१६८
२६	कच्छ	२१७१७	४५८२८	६७५४५
२७	भावनगर	५७७६९	९५५०३	१५३२७२
२८	जामनगर	२१६४५	३२४५८	५४१०३
२९	जूनागढ़	१३५८६	६०७४३	७४३२९
	कुल	**८७१६२८**	**१६५९४२६**	**२५३१०५४**

२.६ टी.एल.एम. सामग्री

वर्गखंड में शिक्षा के आदान प्रदान को असरदार बनाने केलिए टी.एल.एम. अनिवार्य है। प्रवृत्ति आधारित शिक्षा और बाल केन्द्रित शिक्षा प्रणाली के प्रचलन के चलते गुजरात में डीपीईपी तथा एस.एस.ए. में 'जानकारी गृहैया' करवाने के बजाय 'अनुभवों पर आधारित' शिक्षा को अधिक महत्त्व दिया जाने लगा है। आमतौर पर प्राथमिक शालाओं के स्तर पर देखा जाय तो गुजरात के विभिन्न समुदायों के पास टी.एल.एम. का एक सस्ता लेकिन प्रचुर मात्रा से सभर स्रोत मौजूद है । इसी विचार के चलते डीपीईपीने इस स्रोत का उपयोग कर कम खर्चीला टी.एल.एम. विकसित किया। शिक्षकों को वार्षिक रु. ५०० का अनुदान दिया गया, जिन्होंने उसका उपयोग टी.एल.एम. बनाने में किया । नियमित रूप से टी.एल.एम. के विकास और उत्पादन के लिए प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया ।

२.७ स्कूल अनुदान

स्कूलों में प्राथमिक सुविधाओं के विकास, जैसेकि, मामूली मरम्मत, अतिरिक्त प्रशिक्षण सामग्री की खरीदारी, आनंददायी तरीकों से शिक्षा प्रदान करने के लिए कुछ नए साधन एवं स्कूल के वातावरण को मोहक बनाने के लिए स्कूल की दिवारों पर चित्र बनाने जैसे कइ छोटे मोटे कार्यों के लिए रु. २००० के स्कूल अनुदान भी आवंटित किये गए । इस अनुदान की राशि के उपयोग में लचीलापन होने की वजह से अब उन्हें स्कूल के विकास हेतु छोटी सी धनराशि के अनुदान के लिए लंबे अरसे तक राह नहीं देखनी पड़ती ।

प्रकरण : ३
दूरस्थ शिक्षा

३.० डी.ई.पी. - एस.एस.ए. युनिट

डी.पी.ई.पी. के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में दूरस्थ शिक्षा को एक महत्वपूर्ण अंग बनाने के उद्देश्य से सन १९९७ में डिस्टन्स एज्युकेशन प्रोग्राम (डी.ई.पी.) अर्थात् दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम इन्दिरा गांधी नेशनल ओपन युनिवर्सिटी (इग्नू) के सहयोग से शुरु किया गया था । इसके अनुसंधान में डी.ई.पी.-डी.पी.ई.पी. युनिट गुजरात प्राथमिक शिक्षा परिषद् के गांधीनगर स्थित राज्य परियोजना कार्यालय में शुरु किया गया था । सर्व शिक्षा अभियान (एस.एस.ए.) की शुरूआत राज्य में होने के पश्चात्, सितम्बर २००३ में डी.ई.पी.-डी.पी.ई.पी. युनिट बंद कर दिया गया । उसके स्थान पर डी.ई.पी. - एस.एस.ए. युनिट को गुजरात में प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में दूरस्थ शिक्षा के कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए १ अक्तूबर, २००३ को शुरु किया गया ।

३.१ डी.आर.एस. सेट्स

डायरेक्ट रिसेप्शन सिस्टम (डी.आर.एस.) सेट्स को सभी जिलों में तालुका स्तर पर तथा डी.पी.ई.पी. २ के जिलों बनासकांठा, पंचमहाल एवं डांग में क्लस्टर स्तर पर लगाया गया है। अब तक कुल ३८० डी.आर.एस. सेट्स को गुजरात में लगाया गया है । राज्य के सभी डायट्स को भी डी.आर.एस सेट्स प्रदान किए गए हैं। इनको लगाने से डी.पी.ई.पी. एवं एस.एस.ए. के तहत दूरस्थ शिक्षा के राज्य स्तर के विविध कार्यक्रमों को आयोजित करने में सुविधा हो गई है ।

३.२ टेलिकोन्फरन्स

टेलिकोन्फरन्सिंग बड़ी संख्या में लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए मूल्यात्मक रूप से एक असरदार माध्यम है । कास्केड मोड़में देखी जानेवाली प्रसार क्षति प्रशिक्षण के इस प्रकार में नहीं होती। इसका उपयोग बी.आर.सी. एवं सी.आर.सी. कोओर्डिनेटर्स, शिक्षकों तथा डायट के लेक्चरर्स को विविध विषयों पर प्रशिक्षित करने के लिए किया जाता है । इसका प्रयोग बी.ई.सी. के सदस्यों को प्राथमिक शिक्षा के सार्वत्रीकरण में उनकी भूमिका के विषय में प्रशिक्षण देने के लिए भी किया गया है । अप्रैल, २००५ से मार्च २००६ के दौरान गुजरात में निम्नदर्शित टेलिकोन्फरन्सीस आयोजित की गई हैं ।

३.२.१ टी.एल.एम. के असरदार उपयोग पर टेलिकोन्फरन्स

१५ मई, २००५ को भास्कराचार्य इन्स्टिट्यूट ऑफ स्पेस एप्लीकेशन एवं जिओ इन्फोर्मेटिक्स (बी.आई.एस.ए.जी.) के गांधीनगर स्थित स्टुडियो से टी.एल.एम. के असरदार उपयोग पर राज्य स्तर की टेलिकोन्फरन्स का आयोजन किया गया था । तजज्ञों की पेनल का नेतृत्व स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर तथा डीईपीए एनएसए (नई दिल्ली) से आये हुए फेकल्टी - इन्चार्ज गुजरात द्वारा किया गया था । मेधावी शिक्षकों तथा मीडिया एण्ड डोक्युमन्टेशन ऑफिसर एवं डीईसी इन्चार्ज ने तजज्ञों की भूमिका अदा की । बच्चों के स्थायीकरण को बढ़ाने के लिए स्कूलों में कैसे गुणवत्तायुक्त शिक्षा दी जा सकती है, इस विषय पर टेलीकोन्फरन्सके दौरान विस्तारपूर्वक चर्चा की गई । प्रायमरी स्कूलों में गणित, पर्यावरण एवं गुजराती की असरदार शिक्षा के लिए निर्देशन पाठ दिये गए ।

प्रशिक्षार्थियों के छौर पर टेलिकोन्फरन्स के सीधे प्रसारण को सभी डायट्स, बीआरसी भवनों तथा डीपीईपी २ जिलों के सीआरसी भवनों पर स्थापित डीआरएस सेट्स के माध्यम से ग्रहण किया गया । अनुमान है कि इस कार्यक्रम में करीब ४००० व्यक्तिओं ने भाग लिया जिनमें डिस्ट्रिक्ट, बी.आर.सी. एवं सी.आर.सी. कोओर्डिनेटर्स, डायट लेकचरर्स तथा शिक्षक शामिल थे ।

३.२.२ कन्याशिक्षा प्रोत्साहन के लिए वीईसी, एमटीए तथा पीटीए की भूमिका का पर टेलिकोन्फरन्स

१५ अक्तूबर, २००५ को भास्कराचार्य इन्स्टिट्यूट ऑफ स्पेस एप्लीकेशन एवं जिओ-इन्फोर्मेटिक्स (बी.आई.एस.ए.जी.) के गांधीनगर स्थित स्टुडियो से कन्याशिक्षा प्रोत्साहन के लिए वीईसी, एमटीए तथा पीटीए की भूमिका का पर राज्य स्तर की टेलिकोन्फरन्स का आयोजन किया गया था । तजज्ञों की पेनलका नेतृत्व स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा किया गया था । स्टेट जेन्डर कोओर्डिनेटर, आणंद के डिस्ट्रिक्ट जेन्डर कोओर्डिनेटर तथा धोलका के बी.आर.सी. कोओर्डिनेटर ने विविध स्तर पर अपने अनुभवों की चर्चा की । मीडिया एण्ड डोक्युमेन्टेशन ओफिसर एवं डीईसी इन्चार्ज ने तजज्ञों की भूमिका अदा की ।

प्रशिक्षार्थियों के छौर पर टेलिकोन्फरन्स के सीधे प्रसारण को सभी डायट्स, बीआरसी भवनों तथा डीपीईपी २ जिलों के सीआरसी भवनों पर स्थापित डीआरएस सेट्स के माध्यम से ग्रहण किया गया । अनुमान है कि इस कार्यक्रम में करीब ४००० व्यक्तिओं ने भाग लिया जिनमें बी.आर.सी. एवं सी.आर.सी. कोआर्डिनेटर्स, डायट लेकचरर्स, शिक्षक, वीईसी, सीगीडब्ल्यूसी, एम.टी.ए. तथा पी.टी.ए. के सदस्य शामिल थ ।

३.२.३ एनपीईजीईएल तथा कन्याशिक्षा पर सीआरसी स्तरके मुख्य शिक्षकोंके नवसंस्करण पर टेलिकोन्फरन्स

२९ डिसम्बर, २००५ को भास्कराचार्य इन्स्टिट्यूट ओफ स्पेस एप्लीकेशन एवं जिओ-ईन्फोर्मेटिक्स (बी.आई.एस.ए.जी.) के गांधीनगर स्थित स्टुडियो से एनपीईजीईएल तथा कन्याशिक्षा पर सीआरसी स्तर के मुख्य शिक्षकों के नवसंस्करण पर राज्य स्तर की टेलिकोन्फरन्स का आयोजन किया गया था । तज्ज्ञों की पेनल का नेतृत्व स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर द्वारा किया गया था । यूनिसेफके प्रोजेक्ट ओफिसर (एज्यूकेशन), स्टेट जेन्डर कोओर्डीनेटर तथा मीडिया एण्ड डोक्युमेन्टेशन ओफिसर एवं डीईसी इन्चार्ज ने तज्ज्ञों की भूमिका अदा की । कार्यक्रम के दौरान एनपीईजीईएल की अमलवारी, अध्यापनविद्या, जीवन कौशल्य तथा सामुदायिक सहभागिता द्वारा नारी जाति के सशक्तिकरण जैसे कन्याशिक्षा सम्बन्धित विवध विषयों पर मुख्य शिक्षकों का प्रशिक्षण किया गया ।

प्रशिक्षार्थियों के छौर पर टेलिकोन्फरन्स के सीधे प्रसारण को सभी डायट्स, बीआरसी भवनों तथा डीपीईपी २ जिलों के सीआरसी भवनों पर स्थापित डीआरएस सेट्स के माध्यम से ग्रहण किया गया । अनुमान है कि इस कार्यक्रम में करीब ४००० व्यक्तिओंने भाग लिया जिनमें बी.आर.सी. एवं सी.आर.सी. कोओर्डिनेटर्स, डायट लेकचरर्स, शिक्षक, बीईसी, बीसीडब्ल्यूसी, एम.टी.ए. तथा पी.टी.ए. के सदस्य शामिल थे ।

३.२.४ राष्ट्रीय टेलिकोन्फरन्स : एज्यूसेट का असरदार उपयोग

गुजरात प्राथमिक शिक्षा परिषदने ४ फरवरी, २००६ को एज्युसेट के असरदार उपयोग के विषय पर आयोजित राष्ट्रीय टेलिकोन्फरन्स में हिस्सा लिया । इन्दिरा गांधी नेशनल ओपन युनिवर्सिटी, नई दिल्ली स्थित ईएमपीसी स्टुडियो से ज्ञानदर्शन २ चेनल से अपलिंक किया गया था जिसे गुजरात के रिजियोनल सेन्टर, इग्नो, छारोड़ी, अहमदाबाद पर गृहित किया गया था ।

इस टेलिकोन्फरन्स में इन्दिरा गांधी नेशनल ओपन युनिवर्सिटी के मान वाइस चान्सेलर एवं एज्यूसेट के उपयोग की कोर कमिटी के चेरमेन प्रोफेसर एच.पी.दीक्षित तथा बेंगलोर के एस.सी.पी.ओ., इसरो के डायरेक्टर श्री भास्कर नारायणने राज्यों के शिक्षा सचिवों तथा एसएसए के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स एवं अन्य कर्मियों के साथ एज्युसेट के असरदार उपयोग के विषय में चर्चा की ।

इस टेलिकोन्फरन्स में एसएसए के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर, जीसीईआरटी के रीडर तथा संशोधन सहायक, स्टेट टीचर ट्रेनिंग कोओर्डिनेटर एवं डीईसी इन्चार्ज तथा स्टेट मीडिया कोआर्डिनेटर, अहमदाबाद के जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी और अहमदाबाद डायट के प्रिन्सिपाल, अहमदाबाद एवं

साबरकांठा के डिस्ट्रिक्ट जेन्डर कोओर्डिनेटर तथा बावला, सायला और गांधीनगर के बीआरसी कोओर्डिनेटरो ने हिस्सा लिया ।

३.२.५ राष्ट्रीय टेलिकोन्फरन्स : प्रशिक्षण के लिए "ब्लेन्डेड एप्रोच"

गुजरात प्राथमिक शिक्षा परिषद ने ११ मार्च, २००६ को प्रशिक्षण के लिए "ब्लेन्डेड एप्रोच" के विषय पर आयोजित राष्ट्रीय टेलिकोन्फरन्स में हिस्सा लिया । ईन्दिरा गांधी नेशनल ओपन युनिवर्सिटी, नई दिल्ली स्थित ईएमपीसी स्टुडियो से ज्ञानदर्शन २ चेनल से अपलिंक किया गया था जिसे गुजरात के रिजियोनल सेन्टर, इग्नो, छारोडी, अहमदाबाद पर गृहीत किया गया था ।

इस टेलिकोन्फरन्स में प्रोफेसर एस.वी.एस. चौधरी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, डीईपी-एसएसए, नई दिल्ली, सुश्री वृन्दा सरुप, संयुक्त सचिव, एम.एच.आर.डी. तथा एन.सी.ई.आर.टी. के प्रारंभिक शिक्षा विभाग के मुख्य अधिकारी एवं एडसील के पेडागोजी सेल के सिनियर कन्सल्टन्टने स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर तथा अन्य कर्मियों के साथ आंतरक्रिया की ।

इस टेलिकोन्फरन्स में एसएसए के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर, जीसीईआरटी के रीडर तथा संशोधन सहायक, स्टेट टीचर ट्रेनिंग कोओर्डिनेटर एवं डीईसी इन्चार्ज तथा स्टेट मीडिया कोओर्डिनेटर, अहमदाबाद के जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी और अहमदाबाद डायट के प्रिन्सिपाल, अहमदाबाद एवं साबरकांठा के डिस्ट्रिक्ट जेन्डर कोओडिनेटर तथा बावला, सायला और गांधीनगर के बीआरसी कोओडिनेटरो ने हिस्सा लिया ।

३.३ वैकल्पिक शिक्षा एवं एनपीईजीईएल पर स्वअध्ययन सामग्री

वैकल्पिक शिक्षा एवं एनपीईजीईएल पर अलग अलग स्वअध्ययन सामग्री को विकसित किया गया सभी बी.आर.सी. तथा सी.आर.सी. तक वितरित किया गया ।

३.४ स्टेट रिसोर्स ग्रूप की बैठक

डी.ई.पी. - एस.एस.ए., गुजरात के स्टेट रिसोर्स ग्रूप (एस.आर.जी.) की बैठक १८ मई, २००५ को गुजरात प्राथमिक शिक्षा परिषद् के स्टेट प्रोजेक्ट ओफिस के कोन्फरन्स होल में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सुश्री मीना भट्ट, स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टरने की थी । डो. किरण माथुर फेकल्टी इनचार्ज डी.ई.पी. - एस.एस.ए. नई दिल्ली ने भी इस महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लिया जिसमें डीईपी एसएसए की वर्ष २००४ - ०५ की प्रगति की समीक्षा तथा वर्ष २००५-०६ के एन्युअल वर्क प्लान और बजट की चर्चा की गई ।

३.५ आईईडी विषय पर शिक्षक प्रशिक्षण के लिये सोफ्टवेर

सर्व शिक्षा अभियान के दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम के तहत गुजरात द्वारा मुख्य प्रवाह की स्कूलों में विशेष आवश्यकताओंवाले बच्चों को सीखानेके लिये शिक्षकों की अध्यापनविद्याकीय जरुरतों की आपूर्ति करने का प्रयास हो रहा है जिसके लिये ब्रेल लिपि की शिक्षा के लिये ३० मिनट की एक आडियो सीडी तथा श्रवण एवं दृष्टिकी विकलांगता तथा मंदबुद्धि के बच्चों की शिक्षा के लिये ३० मिनट की ३ वीडियो सीडी को ब्लाईन्ड पीपल्स एसोसिएशन (बीपीए), अहमदाबाद द्वारा निर्मित किया गया। इस मल्टी मीडिया पेकेज को सभी बी.आर.सी. एवं सी.आर.सी. कोओर्डिनेटर्स तक वितरित करना है ।

३.६ वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट : २००५ - ०६

वर्ष २००५-०६ के लिए डीईपी-एसएसए गुजरात की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट को तैयार कर डीईपी एसएसए, नई दिल्ली को भेजा गया ।

प्रकरण : ४
समुदायों का अभिप्रेरण

४.० सामुदायिक अभिप्रेरण

सामुदायिक सहभागिता खडी करने के लिए सर्व शिक्षा अभियान, एनपीईजीईएल एवं कजीवीबी के तहत राज्य में प्राथमिक शिक्षा के सार्वत्रीकरण के क्रिया कलापों में सक्रिय जनसहभागिता उत्पन्न करना एक प्रमुख रणनीति रही है । गुजरात प्राथमिक शिक्षा परिषदने सफलतापूर्वक कई सहभागितापूर्ण कार्यरचनाए क्रियान्वित की है ।

४.१ अभिप्रेरण मुहिम

सामुदायिक जागृति और वातावरण निर्मित करने हेतु स्थानिक स्तर पर मुहिम की पद्धति का उपयोग किया गया । मई जून, २००५ के दौरान, प्रिन्ट एवं दृश्य श्राव्य माध्यम के साथ साथ स्थानिक स्तर पर सांस्कृतिक तौर प योग्य माध्यमों का बालमहोत्सवों, प्रभात-जुलूस, मशालयात्राओं के लिये लगातार उपयोग किया गया ।
पिछले वर्ष के दौरान सामुदायिक अभिप्रेरण के लिए मुख्यतः निम्नदर्शित कार्यक्रम किए गये:

- सांस्कृतिक प्रतिभा खोज प्रवृत्तिओं का आयोजन ।
- विचारवस्तुलक्षी नाटिकाएँ और लोकनाट्य स्वरूपों का (भवाई) का उपयोग।
- स्थानिक लोकमेलों में स्टोल खड़े किए गए।
- स्थानिक समुदायों के लिए टी.एल.एम. प्रदर्शनियों का आयोजन ।
- आदिजाति विस्तारों में लड़कियों के नामांकन हेतु विशेष मुहिमें की गई ।
- समुदायों में कन्या - शिक्षा के लिए माँ-बेटी सम्मेलन जैसी विशिष्ट अभिप्रेरण मुहिमों का आयोजन

४.२ सामुदायिक नेताओं के लिए प्रशिक्षण

सर्व शिक्षा अभियान के तहत क्लस्टर स्तर पर सामुदायिक नेताओं के लिये बी.आर.सी. तथा सी.आर.सी. कोओर्डिनेटर्स के सहयोग से प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । इसके लिये प्रत्येक रेवेन्यु गांव के वी.ई.सी., एम.टी.ए तथा पी.टी.ए. के सदस्यों में से चुने गये ८ सामुदायिक नेताओं की पहेचान की गई तथा ग्राम स्तर प प्राथमिक शिक्षा के सार्वत्रीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करने की तालीम दी गई ।

सामुदायिक नेताओं को परियोजना के अमलीकरण में भूमिका अदा करने के लिये संवेदित

किया गया । इन्हें विद्यालय अनुदान, शिक्षक अनुदान, विद्यालय मरामत तथा निभाव अनुदान के उपयोग के बारे में ज्ञान दिया गया । प्रशिक्षण, अभिसंस्करण, कार्यशिविर और अनुभवों को बाँटने की प्रवृत्तियां द्वारा क्षमता निर्माण करना अभिप्ररण रणनीति के भागरूप रहा है । स्कूल समुदाय के बीच संकलन बनाने, बी.ई.सी., एम.टी.ए. और पी.टी.ए. को कौशल प्रदान करने और उसे मज़बूत बनाने के लिए उन्हें नियमित और आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षण दिया गया । बी.ई.सी., एम.टी.ए. और पी.टी.ए. के अभिसंस्करण के लिए प्रशिक्षण सामग्री तैयार की गई । बी.ई.सी. को कास्केड मोड में प्रशिक्षण दिया गया, जबकि बी.आर.सी और सी.आर.सी. संकलनकारों का प्रमुख प्रशिक्षकों के रूप में अभिसंस्करण किया गया । बी.ई.सी.,एम.टी.ए. और पी.टी.ए. के बीच लगातार बैठकें होती रहीं।

४.३ कन्या केळवणी रथयात्रा : प्रवेशोत्सव २००५

सार्वत्रिक एवं स्वयंस्फुरित जनसहभागितासे शाला प्रवेशोत्सव - २००५ को जनता का ही एक कार्यक्रम बना दिया । मान. मुख्यमंत्रीश्री के नेतृत्व एवं मान. शिक्षा मंत्रीश्री की सीधी निगरानी में राज्यव्यापी प्रवेशोत्सव के प्रमुख घटक के रूप में १६, १७ और १८ जून २००५ को आयोजित कन्या केळवणी रथयात्रा को समग्र गुजरात में प्रचंड सफलता प्राप्त हुई ।

कार्यक्रम की ज्वलंत सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रवेशोत्सव के इन तीन दिनों के दौरान १०,८४२ गाँवो के उतने ही स्कूलों में कुल २,३५,०८५ बच्चों का कक्षा १ में नामांकन हुआ जिसमें १,१६,३५७ लड़कियाँ तथा १,१८,७२८ लड़के थे । इन तीन दिनों के दौरान स्थानिक समुदायों द्वारा स्कूलों को कुल रु. २,५९,३७,१७७ के मूल्य का रोकड़ एवं वस्तुस्वरूप दान प्राप्त हुआ । अहवालों के मुताबिक स्कूल छोड़ चुके कुल २३,६९६ बच्चों का पुनः नामांकन भी किया गया ।

प्रवेशोत्सव को सफलता प्राप्त हो यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष आयोजन किए गए । युनिसेफ के सहयोग से ३० सेकण्ड के ८ टी.वी. स्पोर्ट्स का निर्माण किया गया था जिन्हें जून जुलाई २००५ के दौरान स्कूलों में सार्वत्रिक नामांकन के महत्व के बारे में जनजागृति पैदा करने के उद्देश्य से टेलिकास्ट किया गया था । जनता पर महत्तम प्रभाव हो इस हेतु से मान. मुख्यमंत्रीश्री एवं मान. शिक्षामंत्रीश्री के जन-संदेशों को १४ और १५ जून, २००५ को प्रसारित किया गया । सभी केबिनेट मंत्रीश्रीयों, मुख्य सचिव एवं आई.पी.एस., आई.ए.एस., आई.एफ.एस., सचिवालय केडर तथा शिक्षा विभाग के सभी श्रेयान अधिकारियों के नेतृत्व में अल्प महिला साक्षरतावाले गाँवों में कन्या केळवणी रथयात्रा निकाली गई । पूर्व निर्धारित रणनीति के अनुसार प्रत्येक मंत्रीश्री तथा अधिकारीने प्रतिदिन ५ गाँवों की मुलाकात ली ताकि प्रत्येक व्यक्ति द्वारा कमसेकम १५ ऐसे गाँवों की मुलाकात ली जा सके

जहाँ कन्याओं का १०० प्रतिशत नामांकन सिद्ध करने तथा महिला साक्षरता बढ़ानेके लिये विशेष प्रयास करने की सख्त जरूरत है ।

नामांकन जुंबिश का स्कूलों में आनंद उल्लास के वातावरण में मनाया गया । नामांकन के लिये माता पिता के साथ आये हुए तथा प्रसंग के अनुरूप सज बच्चों का स्वागत स्कूलो में शिक्षकों, बच्चों तथा वीईसी, एमटीए, पीटीए सदस्यों द्वारा किया गया । नवनामांकित बच्चों को तिलक किया गया तथा कागज की रंग बिरंगी टोपियाँ पहनाई गई । उन्हें मिठाइयाँ भी बांटी गई । उन्हें इस बात का अहसास कराया गया कि स्कूल एक मजेदार और आनंददायक जगह है ।

ग्राम शिक्षा समिति, एमटीए, पीटीए तथा स्व-सहाय जूथों द्वारा घनिष्ठ सहभागिता के अहवाल राज्यभर से प्राप्त हुए । हर स्कूल में मान. शिक्षा मंत्री द्वारा प्रेषित संदेश का पठन किया गया तथा वीईसी, एमटीए, पीटीए के सदस्यों द्वारा प्रतिज्ञापत्र पर हस्ताक्षर किये गये, जिसमें यह संकल्प दर्शाया गया था कि स्कूलों में बच्चों के, विशेषतः कन्याओं के १०० प्रतिशत नामांकन एवं स्थायीकरण के लिये वे संपूर्ण प्रयास करेंगे ।

दाताओं द्वारा नव नामांकित बच्चों को बस्ते, स्लेट, पेन, पेन्सिल, पाठ्यपुस्तक, नोटबुक्स तथा गणवेश का दान किया गया । अल्प महिला साक्षरतावाले गाँवो में विद्यालक्ष्मी योजना के तहत नव नामांकित कन्याओं को रु. १००० के नर्मदा बोंड दिये गये । इस उपलक्ष्य में राज्य के सभी स्कूलों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोगोंने बड़ी संख्या में भाग लिया ।

४.४ मीडिया की हिमायत

वर्ष २००५-०६ की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट को गुजरात में प्रारंभिक शिक्षा के सार्वत्रिकरण के मुख्य निम्नदर्शित क्रिया कलापों के आधार पर बनाया गया ।

- वार्षिक आयोजन में वैकल्पिक शिक्षा प्रणाली को मज़बूत करने के कार्य को प्राथमिकता दी गई । स्कूल से बाहर रहनेवाले बच्चों को समाविष्ट करने के लिए आधार स्तर पर वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों को खोलने एवं चलाने के लिए गैरसरकारी संस्थानों को प्रोत्साहन देना ।
- गणनापात्र मौसमी स्थानांतरवाले जिलों में माता-पिता के साथ स्थानांतर करनेवाले बच्चों को मुख्य प्रवाह में लाने के लिए ब्रीज कोर्स प्रोग्राम लागु किया गया ।
- दुर्गम एवं कठिन विस्तारों में पिछड़े एवं लघुमति जूथ की कन्याओं को सहुलत प्रदान करने के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना एक महत्वपूर्ण अंग है ।
- समुदायों की सहभागिता और सहयोग प्राप्त हो, इस हतु तीनों जिलों में जागृति मुहिम को और तेज किया गया । विगत अनुभवों के आधार पर अभिप्रेरण व्यूहरचनाओं में सुधार लाया गया। इस वर्ष के वार्षिक आयोजन में स्थायीकरण और गुणात्मक सुधार पर ज्यादा ध्यान दिया गया।
- वस्तुआधारित शिक्षण प्रणाली, जिसे डायट और जी.सी.ई.आर.टी. द्वारा नियमित प्रशिक्षण के भागरूप नहीं लिया जाता, एक अन्य क्षेत्र है जिसे अध्यापनविद्या में सुधार का अंग समझकर इस पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा ।
- शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मजबूत करने के लिए डायट, बीआरसी और सीआरसी के क्षमता निर्माण पर भार ।
- मकानों की मरम्मत के बाद निर्माण कार्यो का मुख्य केन्द्रबिंदु वर्गखंडों और भवनों के निर्माण पर रहा जो कि बिल्डिंग - एझ - लर्निंग एइड (बाला) एप्रोच के तहत अध्ययन की सुविधा प्रदान करती है ।

- आई.ई.डी. और ई.सी.ई. के संसाधनों के मजबूतीकरण के साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकरों के लिये माडयूल्स, प्रशिक्षण किट और विभिन्न प्रकार की विकलांगताओं के लिए सहाय और साधन हस्तगत करवाये जाएँगे ।

१०.२ माइक्रोप्लानिंग

माइक्रोप्लानिंग की तालीम को कास्कड मोड़ में बीआरसी, सीआरसी एवं स्कूल स्तर पर आयोजित किया गया। अहमदाबाद, वडोदरा, राजकोट और सुरत के म्युनिसिपल कार्पोरेशन के विस्तारों के सभी सीआरसी कोओर्डिनेटर्स को प्रशिक्षित किया गया। समुदायों के समर्थन से स्कूल तथा ग्राम स्तर पर अनुमापन कवायत की गई। डीपीईपी तथा एसएसए के तहत विलेज एज्युकेशन रजिस्टर सभी जिलो में निभाये जाते है।

१०.३ मोनीटरिंग और सुपरविझन

सर्व शिक्षा अभियान के गुणात्मक एवं गणनात्मक आयामों के मोनीटरिंग तथा सुपरविझन के लिये एन.सी.ई.आर.टी. तथा एन.आई.ई.पी.ए. द्वारा तैयार किये गये फार्मेट्स को गुजराती में अनुवादित किया गया तथा जिला, बीआरसी, सीआरसी तथा स्कूल स्तर पर वितरित किया गया। राज्य से ग्राम्य स्तर पर कास्केड मोड़ में प्रशिक्षण दिया गया है। कलस्टर स्तर पर वीईसी के सदस्यों को सर्व शिक्षा अभियान के स्कूल में मोनीटरींग तथा सुपरविझन के लिये नवसंस्कारित किया गया। मोनीटरींग और सुपरविझन के लिये मार्च २००६ अंतित त्रिमासिक अहवाल भारत सरकार को भेज दिया गया है।

१०.४ रिजियोनल रिसर्च इन्स्टिट्यूट्स फॉर एज्युकेशन

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के राज्य स्तरीय अमलीकरण के मोनीटरिंग और सुपरविझन का जिम्मा सरदार पटेल ईन्स्टिट्यूट ऑफ सोश्यल एण्ड इकोनोमिक रिसर्च, अहमदाबाद तथा सेन्टर फोर एडवान्स्ड स्टडीस इन एज्युकेशन, एम. एस. युनिवर्सिटी, वडोदरा को सौंपा गया है। इन दोनों रिजियोनल रिसर्च इन्स्टिट्यूट्स फोर एज्युकेशन द्वारा एसएसए जिलो में क्षेत्रीय प्रवास किया जाता है तथा भारत सरकार को इसका अहवाल पेश किया जाता है।

१०.५ संशोधन एवं मूल्यांकन

संशोधन अनुदान राज्य के सभी डायट्स को दिये जा चूके हैं। सभी बीआरसी तथा सीआरसी कोओर्डिनेटर्स को क्रियात्मक संशोधन के विषय में प्रशिक्षण दिया जा चूका है। ३ संशोधन अभ्यास पूर्ण हो चूके है, जिन्हें राष्ट्रीय स्तर की कार्यशिबिर में पेश किया गया था। राज्य में वर्ष २००५ - २००६

के दौरान प्रत्येक डायट द्वारा ३० संशोधन अभ्यास किये गये ।

एसएसए के लिये बेस लाइन एसेसमेन्ट सर्वे, पसंद किये गये ४ जिलों के २०० स्कूलों में संपन्न किया गया, जिसमें एन. एम. सद्‌गुरु वॉटर एण्ड डेवलपमेन्ट फाउण्डेशन, दाहोद, डॉ. बाबासाहब आंबेडकर ओपन युनिवर्सिटी, अहमदाबाद तथा सी.ए.एस.ई., फेकल्टी ऑफ एज्युकेशन, एम. एस. युनिवर्सिटी, वडोदरा शामिल थे ।

१०.६ एसएसए में संशोधन एवं अभ्यास की भूमिका

एसएसए के अमलीकरण में संशोधन की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है । एसएसए के तहत राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर विविध विषयों पर अभ्यास किए गए है, जैसे की विविध कार्यक्रमों की असरकारकता के विषय में प्रतिपूर्ति देना, अमलवारी की समस्याओं को उजागर करना तथा उन्हें दूर करने के लिए असरदार उपाय सूचित करना ।

१०.७ गुजरात में एसएसए के तहत संशोधन और अभ्यास

गुजरात में एसएसए के तहत वर्ष २००५-०६ के दरम्यान विविध संस्थाओं को कुल ४२ संशोधन अभ्यास सौंपे गए । ईन में से ३२ संशोधन अभ्यास पूर्ण हो चूके है जिनके प्रथम ड्राफ्ट प्राप्त भी हो चूके है जबकि अन्य प्रगति में है । किए गए संशोधन अभ्यास इस प्रकार है :

१) सरकारी एवं निजी स्कूलों के शिक्षकों का तुलनात्मक अभ्यास ।

२) आदिवासी विस्तारों के प्राथमिक स्कूलों का व्यवस्थापन ।

३) गुजरात में डीपीईपी / एसएसए द्वारा निर्मित प्रशिक्षा सामग्री की वर्गखंड में अध्यापन अध्ययन प्रक्रिया में उपयोगीता ।

४) बहुश्रेणीय शिक्षा के विषय में शिक्षकों को दी गई तालीम के असर का सघन मोनीटरिंग ।

५) गुणवत्ता सुधार में सीआरसी एवं बीआरसी की भूमिका ।

६) क्लस्टर रिसोर्स सेन्टर की असरकारकता : एक मूल्यांकन ।

७) गुजरात की स्कूलों में नए पाठ्यक्रम में लैंगिक मुद्दों का संवेदीकरण ।

८) प्राथमिक स्कूलों पर क्षेत्रीय एवं स्थानिक अर्थतंत्र, पर्यावरण और सामाजिक परिवेषका असर ।

९) लैंगिक मुद्दों का स्कूल एवं वर्गखंड की प्रवृत्ति पर असर ।

१०) प्रायमरी स्कूलों के हेड मास्टरों की समय व्यवस्थापन की पणालीओं का अभ्यास ।

११) गुजरात में स्कूलों के व्यवहारु कौशल्यों का अभ्यास ।

१२) शिक्षक प्रशिक्षण का विद्यार्थियोंकी हाजरी और सिद्धि पर असर ।

१३) वैकल्पिक शिक्षा व्यवस्था में विद्यार्थियों एवं बालमित्रों की स्थिति ।

१४) एसएसए के अमल के दौरान डीपीसी, बीआरसी, सीआरसी, आईसी टीटी और जेन्डर तथा शिक्षकों द्वारा पायी गई समस्याओं ।

१५) एसएसए परियोजना तथा उसका अमल के बारे में बीईसी, एमटीए, पीटीए के विचार ।

१६) वर्ग की विद्यार्थी संख्या का तथा औसत हाजरी का उनके स्थायीकरण एवं सिद्धि पर असर ।

१७) विद्यार्थियों की सिद्धि पर असर करनेवाले स्कूल तथा घर सम्बन्ध पहलू ।

१८) सरकारी और निजी स्कूलों में भौतिक और सहअभ्यासिक पर्यावरण का तुलनात्मक अभ्यास ।

१९) स्थानांतर करनेवाले परिवारों के स्कूल से बाहर रहनेवाले बच्चों का अभ्यास : कारण और उपाय ।

२०) ब्रीज / कन्डेन्स कोर्स की उपयोगिता एवं असर ।

२१) शिक्षक ग्रान्ट का टीएलएम निर्माण में उपयोग ।

२२) डीपीईपी का बच्चों के नामांकन तथा हाजरी पर असर ।

२३) एसएसए के तहत विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा योजना का असर ।

२४) वडोदरा म्युनिसिपल कोर्पोरेशन विस्तार की स्कूलों की शिक्षिकाओं के सोच का अभ्यास ।

२५) एसएसए के तहत ईसीसीई का मूल्यांकन ।

२६) बीआरसी, सीआरसी एवं डायट द्वारा दिए गए शैक्षिक अनुसमर्थन की असरकारकता ।

२७) वंचित जूथों के बच्चों के स्थायीकरण तथा सिद्धि स्तर को सुधारने में परिवार, समुदाय और स्कूल पहलूओं की भूमिका ।

२८) एसएसए जिलों की स्कूलों में वर्गखंड अवलोकन ।

२९) वंचित जूथों के बच्चों के नामांकन एवं स्थायीकरण पर मुफ्त पाठ्यपुस्तक वितरण का असर तथा शिक्षकों, माता-पिताओं का संतोष ।

३०) प्राथमिक स्कूलों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की कन्याओं के अल्प नामांकन तथा उच्च दर का अभ्यास ।

३१) शिक्षक प्रशिक्षण का वर्गखंड में प्रवृत्ति आधारित अध्यापन - अध्ययन प्रक्रिया पर असर ।

३२) गुजरात के शिक्षा अधिकारीओं की पसंद की भूमिका का अभ्यास ।

३३) शिक्षकों की लैंगिक संवेदनशीलता का अभ्यास ।

३४) टीएलएम प्रकारों का पृथक्करण तथा विद्यार्थियों द्वारा उनका उपयोग ।

३५) एसएसए/डीपीईपी द्वारा आयोजित नवाचारी कार्यक्रमों की सामाजिक जागृति फैलाने में भूमिका ।

३६) बच्चों के स्कूल छोड़ जाने के कारण तथा वैकल्पिक शिक्षा प्रक्रिया का अभ्यास ।

३७) डिस्ट्रिक्ट केम्प द्वारा शिक्षकों की नियुक्ति ।

३८) वर्गखंड में टीएलएम के उपयोग होने तथा न होने का तुलनात्मक अभ्यास ।

३९) प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों तथा विद्यार्थियों की नियमित हाजरी का अभ्यास ।

४०) गुजरात में बच्चों के जन्मदर एवं नामांकनदर का तुलनात्मक अभ्यास ।

४१) शिक्षकों को दिए गए लैंगिक संवेदीकरण प्रशिक्षण तथा उनके व्यवहार और रुझान में उनकी असरकारकता का अभ्यास ।

४२) गुजरात के एनपीईजीईएल तालुकों मे कन्याओं की वास्तविक सहभागिता, नियमित हाजरी, अध्ययन स्तर एवं अध्यापन प्रणालीओं के फर्क का अभ्यास ।

१०.८ रिसर्च एवं इवेल्यूएशन कोओर्डिनेटर्स की राष्ट्रीय बैठक तथा कार्यशिविर

विविध राज्यों के रिसर्च एवं इवेल्यूएशन कोओर्डिनेटर्स की द्वितीय राष्ट्रीय बैठक तथा कार्यशिविर ८ से १० मार्च, २००६ को अहमदाबाद में आयोजित की गई । इसे भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा एडसील के एसएसए के टेक्नीकल सपोर्ट गृप के रिसर्च इवेल्यूएशन एवं स्टडी युनिट (रेसु) के सहयोग से आयोजित किया गया था । इसका मुख्य उद्देश्य था वर्ष २००४ - ०५ और २००५ - ०६ के दौरान किए गए संशोधन एवं अभ्यास की समीक्षा करना तथा सर्व शिक्षा अभियान के आयोजन एवं अमलीकरण के लिए उनका उपयोग करना । इस बैठक को कार्यशिविर के साथ जोड़ा गया था जिसमें संशोधन की आवश्यकताओं की पहचान करना तथा योग्य संस्थाओं का अभ्यास सोंपना जैसे विषयों पर ध्यान केन्द्रित किया गया था ।

इस बैठक में १४ राज्यों के २१ प्रतिभागियों तथा एडसील के टीएसजी के रेसु के ३ तजज्ञों ने भाग लिया । उपरांत गुजरात युनिवर्सिटी एवं केस, एम.एस. युनिवर्सिटी, वडोदरा के शिक्षा विभाग के सदस्यों ने विशेष आमंत्रितों के तौर पे भाग लिया । अझीम प्रेमजी फाउण्डेशन के प्रतिनिधियों द्वारा गुजरात में किए गए क्रिया-कलापों पर प्रेझन्टेशन दिया गया ।

१०.९ एसएसए के तहत प्रारंभिक शिक्षा के गुणवत्ता पहलूओं के मोनीटरिंग के लिए वेस्टर्न झोन रिझियोनल वर्कशोप

एसएसए के तहत प्रारंभिक शिक्षा के गुणवत्ता पहलूओं के मोनीटरिंग के लिए वेस्टर्न झोन रिझियोनल वर्कशोप जनवरी ९ और १०, २००६ को गांधीनगर के सेकण्डरी टीचर्स ट्रेनिंग इन्स्टिट्यूट में आयोजित किया गया । इस वर्कशोप को मानव संसाधन विकास मंत्रालय, एनसीईआरटी एवं गुजरात प्रारंभिक शिक्षा परिषद् द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित किया गया ।

सुश्री रिचा शर्मा, डेप्यूटी सेक्रेटरी, ईई एन्ड एल, एम.एच.आर.डी., एनसीईआरटी के प्रो. के. के. वशिष्ठ, प्रो.संध्या परांजपे और कु.रीमा राजपाल, आरआईई, भोपाल के श्री शरद कुमार, डो.एस. के. गुप्ता और डो.रामाकर रायजादा तथा गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के तजज्ञोंने हिस्सा लिया ।

विकलांग बच्चों के लिए संकलित शिक्षा

एसएसए मिशन के अंतर्गत आईईडीसी योजना में श्रवणक्षतिवाले बच्चों को श्रवण सहायक साधन दिए जाते है । चित्र में भरूच जिले के वागरा केन्द्र में ग्रूपहीयरिंग सिस्टम पर तालीम पा रहे बच्चों को दर्शाया गया है ।

एसएसए मिशन के आईईडीसी घटक के तहत विकलांग बच्चों की विकलांगता की मात्रा के अनुमापन का विशेष महत्व है । चित्र में जिला स्तर पर एसेसमेन्ट केम्प के दौरान श्रवणक्षतिवाले बच्चे की विकलांगता का अनुमापन दिखाया गया है ।

अहेमदाबाद के अंधजन मंडल के सहयोग से एम.पी.भोज युनिवर्सिटी द्वारा शिक्षकों को विशेष तालीम दी जा रही है । चित्र में डो.भूषण पुनानी, अंधजन मंडल के निर्देशक द्वारा प्रशिक्षण पा रहे विशेष शिक्षकों को दर्शाया गया है ।

विकलांग बच्चों के लिए संकलित शिक्षा

एसएसए में आईईडीसी के तहत अस्थि विषयक विकलांगतावाले बच्चों को व्हिल चैर दी जा रही है । चित्र में व्हिल चैर में बैठी कन्या को भी इस का लाभ प्राप्त हुआ है ।

गुजरात में अंतर्राष्ट्रीय अंधजन दिवस का उत्सव राज्य, जिला, ब्लोक एवं क्लस्टर स्तर पर मनाया जाता है । चित्र में आणंद जिलें के एक बीआरसी पर निकाले गए जुलूस को दिखाया गया है ।

स्कूलों में रेम्प बनाने से विकलांग बच्चों के नामांकन में खासा बढ़ावा हुआ है । एसएसए मिशन द्वारा एक स्कूल में बनाए गए रेम्प का एक दृश्य ।

निर्माण कार्य

साबरकांठा जिले के ग्राम धारोद में ग्रामीण परिवेश में निर्मित एक अतिरिक्त वर्गखंड का दृश्य ।

पाटण जिले के हारिज वीआरसी केन्द्र का दृश्य जिसे डीआरएस से सुसज्ज किया गया है ।

बनासकांठा जिले के दांता तालुके के ग्राम वीरपुर के प्राथमिक स्कूल में पेय जल सुविधा का उपयोग करते हुए बच्चे ।

निर्माण कार्य

गुजरात में एनपीईजीईएल के तहत निर्मित एक मोडल क्लस्टर स्कूल का चित्र । यह स्कूल कन्या शिक्षा के लिए आदर्श सहुलते और स्थिति प्रदान करता है ।

इस चित्र में जूनागढ़ जिले के एक प्राथमिक स्कूल में मध्याहन भोजन योजना के तहत निर्मित एक किचन शेड को दिखाया गया है ।

साबरकांठा जिले के वडाली सीआरसी भवन का दृश्य जिसे एसएसए के तहत बनाया गया है ।

निर्माण कार्य

यह दृश्य है सर्व शिक्षा अभियान मिशन द्वारा भावनगर जिले के शिहोर तालुके के ग्राम ईश्वरिया में निर्मित नए स्कूल भवन का।

सर्व शिक्षा अभियान मिशन द्वारा मेहसाणा जिले के हनुमाननगर में निर्मित शौचालय का एक दृश्य।

सुरेन्द्रनगर जिले के एक स्कूल में नवाचार के तौर पे कम्पाउन्ड वोल को अध्ययन सहायक साधन की तराह उपयोग में लिया जा रहा है।

प्रवेशोत्सव

आई.पी.एस. एवं आई.ए.एस. सहित राज्य के सभी श्रेयान अधिकारियोंने आधार स्तर पर जनसहयोग प्राप्त करने के लिए प्रवेशोत्सव में भाग लिया । चित्र में गांधीनगर जिले के कलोल स्थित एक स्कूल में नवनामांकित कन्या का स्वागत करते हुए एक आई.पी.एस. अधिकारी दिख रहे है ।

कन्या केलवणी रथयात्रा अल्प महिला साक्षरतावाले सभी गांवो में निकाली गई । चित्र में अहमदाबाद के रेलवेपुरा के एक शहरी झोंपडपट्टी विस्तार में उंटगाडी द्वारा आयोजित जुलूस को दिखाया गया है ।

दाहोद जिले के गललियावाड़ के ग्रामीण परिवेशमें आयोजित प्रवेशोत्सव का एक विशेष चित्र ।

एनपीईजीईएल के तहत कन्याओं को व्यवसायिक तालीम दी जाती है ताकि वे अपने परिवारों की आर्थिक मदद कर सके । सुरेन्द्रनगर जिलें के सापर स्थित मोडल क्लस्टर स्कूल पर व्यवसायिक तालीम पा रही कन्याओं का दृश्य ।

एनपीईजीईएल के तहत सुरेन्द्रनगर जिले के सायला स्थित मोडल क्लस्टर स्कूल पर रचनात्मकता विकास प्रतिस्पर्धा में भाग लेती कन्याओं का चित्र ।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना के तहत स्वरक्षा का प्रशिक्षण ले रही बाल सखिओं का दृश्य ।

एस.एस.ए. के राष्ट्रीय एवं रिजियोनल वर्कशोप

रिसर्च एण्ड इवेल्यूएशन कोऑर्डिनेटर्स की द्वितीय राष्ट्रीय बैठक अहमदाबाद में ८ से १० मार्च, २००६ के दौरान आयोजित की गई। चित्र में डो. ए. बी. एल श्रीवास्तव, सुश्री मीना भट्ट, डो.डी. आर. शर्मा नजर आ रहे है।

सर्व शिक्षा अभियान में प्रारंभिक शिक्षा के गुणवत्ता के पहलू को मोनीटर करने के विषय में गांधीनगर में आयोजित रिजियोनल वेस्ट झोन वर्कशोप का एक दृश्य, जिसमें (बाएं से दाएं) सुश्री रिचा शर्मा, नायब सचिव, एम.एच.आर.डी., नई दिल्ली, सुश्री मीना भट्ट, एस.पी.डी., गुजरात, श्री बी. बी. स्वैन, सचिव, प्राथमिक शिक्षा, गुजरात एवं डो. के. के. वशिष्ठ, प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग के प्रभारी नजर आ रहे है।

वैकल्पिक शिक्षा व्यवस्था

अहमदाबाद के नवा वाड़ज स्थित शहरी झोंपडपट्टी के बच्चों को एक मंदिर में खोले गए वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र द्वारा पढ़ाया जा रहा है ।

अहमदाबाद जिलें के राणपुर स्थित सांकळीबाई कन्या शाला में बेक-टू-स्कूल कार्यक्रम के तहत खोले गए सिर्फ़ कन्याओं के वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र में प्रशिक्षण पा रही बाल सखीओं का द्रश्य ।

गुजरात में स्थानांतर करनेवाले माता-पिताओं के बच्चों की रेसिडेन्शियल केम्प द्वारा शैक्षिक सुविधा प्रदान की जाती है । वलसाड ज़िलें में सूत्रापाडा स्थित एक रेसिडेन्शियल केम्प का दृश्य ।

शिक्षक प्रशिक्षण

राज्य स्तर के अधिकारीओं द्वारा स्वरू मुलाकातों द्वारा बीआरसी एवं सीआरसी कोओर्डिनटर्स का मनोबल बढाया जाता है । इस चित्र में स्टेट टीचर्स ट्रेनिंग कोओर्डीनेटर श्री वी.जे.बाळंद नांदोद के एक स्कूल में निर्देशन पाठ दे रहे है ।

सुरेन्द्रनगर जिले के चोटीला सीआरसी के सामुदायिक नेताओं की तालीम का दृश्य जिसमें उन्हें एसएसए में उनकी भूमिका पर प्रशिक्षण दिया गया ।

बीआरसी स्तर पर सर्व शिक्षा अभियान में २०-दिवसीय शिक्षक-प्रशिक्षण के पहलूओं पर नवसंस्करित होते सीआरसी कोओर्डिनेटर्स का चित्र ।

टेलिकोन्फरन्स और मिडीया

गुजरात में बीआरसी और सीआरसी कोओर्डिनेटर्स के क्षमता निर्माण के लिए टेलिकोन्फरन्स नियमित रुप से कि जाती है । स्टुडियो के अध्यापन छोर पर सुश्री मीना भट्ट, एसपीडी, वीईसी, एमटीए, पीटीए का नवसंस्करण करती हुई नजर आ रही है ।

कन्या शिक्षा के गुणवत्ता पहलू के विषय पर आयोजित टेलिकोन्फरन्स के पेनेलिस्टस का दृश्य : (बाएं से दाएं) सुश्री मीना भट्ट, एसपीडी, श्री हेमन्त शुक्ला, ओआईसी मीडिया और डीईसी, सुश्री तृप्ति शेठ, ओआईसी जेन्डर तथा डो.सुचेता जसराय, प्रोजेक्ट ओफिसर, यूनिसेफ ।

बच्चों के नामांकन और स्थायीकरण को बढावा देने के लिए कम्युनिकेशन स्ट्रेटेजी बनाने के लिए अहमदाबाद में आयोजित राज्य स्तर के कार्यशिविर में जूथकार्य को देखते हुए सुश्री मीना भट्ट, एसपीडी और श्री जी.एस.गुलाटी, कम्युनिकेशन ओफिसर, यूनिसेफ ।

प्रकरण - ११
निर्माण कार्य

११.० एसएसए के तहत निर्माण कार्य

नामांकन वृद्धि और ऐसी ही कुछ अन्य प्रोत्साहक प्रवृत्तियों के परिणाम स्वरूप विद्यालयों में नामांकन में कई गुना वृद्धि हुई है। नामांकन में हुई इस तीव्र वृद्धि के कारण प्रवर्तमान शिक्षा सुविधाएं अपर्याप्त होने लगी हैं । इस परिस्थिति से निपटने के लिए, नए विद्यालयों का निर्माण, अतिरिक्त वर्गखंडों, लड़कियों के लिए अलग शौचालय, पीने के पानी की व्यवस्था, जैसे कई जरूरी कार्यों को एसएसए के तहत जीसीपीई ने अपने हाथ में लिया है। परियोजना जिलों की प्राथमिक शालाओं में इन क्रिया कलापों से समग्र अध्यापन वातावरण में निश्चित विकास हाँसिल हुआ है ।

जिला परियोजना इकाईयों द्वारा वी.सी.डब्ल्यू.सी. और स्थानिक समुदायों के समर्थन से निर्माण कार्य एसएसए के तहत किये गये । गुजरात के २५ जिलों तथा ४ म्युनिसिपल कोर्पोरेशन विस्तारों में नयी स्कूलों के निर्माण, अतिरिक्त वर्गखंड, भवनहीन स्कूलों के मकान, हेडमास्टर रूम शौचालयों, पेशाब घर, कम्पाउन्ड वोल, ब्लोक रिसोर्स भवन, क्लस्टर रिसोर्स भवन तथा मरामत के काम किये गये ।

११.१ सी.आर.सी. बिल्डिंग एवं कम्पाउन्ड वोल

एसएसए के तहत सी.आर.सी. बिल्डिंग एवं कम्पाउन्ड वोल का निर्माण काफी जोशोखरोश से शुरु किया गया । लक्षित ३५१ सी.आर.सी. बिल्डिंग में से कुल ३०६ का निर्माण पूर्ण हो चूका है जबकि ४३ कार्य प्रगति में है । लक्षित १८३८ कम्पाउन्ड वोल में से कुल १८२६ का निर्माण पूर्ण हो चूका है जबकि १२ कार्य प्रगति में है । इसका जिलावार विवरण नीचे दिया है :

क्रम	जिला	पेय जल सुविधा			शौचालय		
		लक्षित	पूर्ण	प्रगति में	लक्षित	पूर्ण	प्रगति में
१.	अहमदाबाद	३९	३०	०	२०	२०	०
२.	अहमदाबाद कोर्पो.	०	०	०	०	०	०
३.	अमरेली	४३	४३	०	८	७	०
४.	आणंद	७३	७३	०	१०	८	१
५.	बनासकांठा	१०	१०	०	३०	२७	३
६.	भरूच	४३	४२	१	१६	१६	३
७.	भावनगर	६३	५७	६	०	०	०
८.	दाहोद	०	०	०	२०	२०	०
९.	डांग	०	०	०	०	०	०
१०.	गांधीनगर	२७	२७	०	२०	१८	२

क्रम	जिला	पेय जल सुविधा			शौचालय		
		लक्षित	पूर्ण	प्रगति में	लक्षित	पूर्ण	प्रगति में
११.	जामनगर	९०	९०	०	०	०	०
१२.	जूनागढ़	१९०	१८९	१	१०	१०	०
१३.	खेडा	५६	५६	०	१४	१३	१
१४.	कच्छ	१२७	१२७	०	१९	१४	५
१५	मेहसाणा	६८	६८	०	१३	१३	०
१६.	नर्मदा	४६	४६	०	६	४	१
१७.	नवसारी	१७८	१७५	३	५	२	३
१८.	पंचमहाल	५०	५०	०	३०	२८	२
१९.	पाटण	६९	६९	०	१७	१३	४
२०.	पोरबंदर	१५	१५	०	२	२	०
२१.	राजकोट	१२४	१२४	०	१२	११	१
२२.	राजकोट कोर्पो.	०	०	०	३	२	१
२३.	साबरकांठा	२०४	२०४	०	१३	१०	२
२४.	सुरत	१३२	१३२	०	३२	२४	८
२५.	सुरत कोर्पो.	०	०	०	०	०	०
२६.	सुरेन्द्रनगर	१००	१००	०	०	०	०
२७.	वडोदरा	८५	८५	१	३०	२८	२
२८.	वडोदरा कोर्पो.	०	०	०	२	१	०
२९.	वलसाड	५	५	०	२०	१५	५
	कुल	१३६८	१३५६	१२	३५१	३०६	४३

११.२ अतिरिक्त वर्गखंड एवं नए स्कूल भवन

एसएसए के तहत अतिरिक्त वर्गखंड एवं नये स्कूल भवन का निर्माण किया गया । लक्षित २१८६ अतिरिक्त वर्गखंड में से कुल १८६९ का निर्माण पूर्ण हो चूका है जबकि ३०७ कार्य प्रगति में है । लक्षित १६ नए स्कूल भवन में से कुल १३ का निर्माण पूर्ण हो चूका है जबकि ३ कार्य प्रगति में है । इसका जिलावार विवरण नीचे दिया है :

क्रम	जिला	पेय जल सुविधा			शौचालय		
		लक्षित	पूर्ण	प्रगति में	लक्षित	पूर्ण	प्रगति में
१.	अहमदाबाद	८५	८५	०	१	१	०
२.	अहमदाबाद कोर्पो.	२२	०६	१६	०	०	०
३.	अमरेली	९३	८२	११	०	०	०
४.	आणंद	७५	५४	२१	०	०	०
५.	बनासकांठा	१९०	१७६	१४	०	०	०
६.	भरूच	५४	४७	७	०	०	०
७.	भावनगर	१३७	५३	८३	०	०	०
८.	दाहोद	१२०	११९	१	८	८	०
९.	डांग	४०	२८	१२	०	०	०

क्रम	जिला	पेय जल सुविधा			शौचालय		
		लक्षित	पूर्ण	प्रगति में	लक्षित	पूर्ण	प्रगति में
१०.	गांधीनगर	६४	५४	१०	०	०	०
११.	जामनगर	६८	६५	३	५	३	२
१२.	जूनागढ़	७७	७७	०	०	०	०
१३.	खेडा	११०	१०८	२	०	०	०
१४.	कच्छ	५२	५२	०	०	०	०
१५.	मेहसाणा	७५	६६	९	०	०	०
१६.	नर्मदा	४०	२८	१२	०	०	०
१७.	नवसारी	०४	०४	०	०	०	०
१८.	पंचमहाल	१२५	११९	६	०	०	०
१९.	पाटण	७३	७१	०२	०२	०१	०१
२०.	पोरबंदर	३६	३५	०१	०	०	०
२१.	राजकोट	९१	८७	०४	०	०	०
२२.	राजकोट कोर्पो.	१३	०४	०	०	०	०
२३.	साबरकांठा	१२५	१०४	२१	०	०	०
२४.	सुरत	१७२	८६	१६	०	०	०
२५.	सुरत कोर्पो.	०	०	०	०	०	०
२६.	सुरेन्द्रनगर	७८	७४	०४	०	०	०
२७.	वडोदरा	१२२	११०	१२	०	०	०
२८.	वडोदरा कोर्पो.	१०	०२	०८	०	०	०
२९.	वलसाड	१०५	७३	३२	०	०	०
	कुल	११८६	१८१९	३०७	१५	१३	२

११.३ पेय जल सुविधा एवं शौचालय

एसएसए के तहत पेय जल सुविधा एवं शौचालय का निर्माण किया गया। लक्षित ८९० पेय जल सुविधा में से कुल ८७३ का निर्माण पूर्ण हो चूका है जबकि ९ कार्य प्रगति में है। लक्षित १२५२ शौचालय में से कुल १२२३ का निर्माण पूर्ण हो चूका है जबकि २८ कार्य प्रगति में है। इसका जिलावार विवरण नीचे दिया है :

क्रम	जिला	पेय जल सुविधा			शौचालय		
		लक्षित	पूर्ण	प्रगति में	लक्षित	पूर्ण	प्रगति में
१.	अहमदाबाद	१०	१०	०	१०	१०	०
२.	अहमदाबाद कोर्पो.	२५	१५	५	२५	१८	४
३.	अमरेली	१५	१५	०	५०	४८	२
४	आणंद	६०	६०	०	५५	५४	१
५.	बनासकांठा	२०	२०	०	४०	४०	०
६.	भरूच	४५	४५	०	१६	१६	०
७.	भावनगर	१००	९६	४	७५	७०	५

क्रम	जिला	पेय जल सुविधा			शौचालय		
		लक्षित	पूर्ण	प्रगति में	लक्षित	पूर्ण	प्रगति में
८.	दाहोद	०	०	०	३०	३०	०
९.	डांग	२०	२०	०	३१	२५	६
१०.	गांधीनगर	१०	१०	०	०	०	०
११.	जामनगर	५०	५०	०	५०	५०	०
१२.	जूनागढ़	५०	५०	०	५०	५०	०
१३.	खेडा	१००	१००	०	१००	१००	०
१४.	कच्छ	५०	५०	०	१००	१००	०
१५.	मेहसाणा	३०	२९	०	७०	७०	०
१६.	नर्मदा	५	५	०	५०	५०	०
१७.	नवसारी	१५	१५	०	६५	६०	५
१८.	पंचमहाल	२५	२५	०	१०४	१०४	०
१९.	पाटण	२०	२०	०	२०	२०	०
२०.	पोरबंदर	१०	१०	०	३१	३१	०
२१.	राजकोट	३०	३०	०	३०	३०	०
२२.	राजकोट कोर्पो.	१०	८	०	१५	१२	३
२३.	साबरकांठा	२५	२५	०	२०	२०	०
२४.	सुरत	५०	५०	०	५०	५०	०
२५.	सुरत कोर्पो.	०	०	०	०	०	०
२६.	सुरेन्द्रनगर	५०	५०	०	५०	५०	०
२७.	वडोदरा	५०	५०	०	६०	६०	०
२८.	वडोदरा कोर्पो.	५	५	०	५	५	०
२९.	वलसाड	१०	१०	०	५०	५०	०
	कुल	**८९०**	**८७१**	**१**	**१२५२**	**१२२१**	**२६**

११.४ एनपीईजीईएल अतिरिक्त वर्गखंड

एनपीईजीईएल के तहत परियोजना जिलो में अतिरिक्त वर्गखंड का निर्माण किया गया । लक्षित २०० अतिरिक्त वर्गखंडों में से कुल १६८ का निर्माण पूर्ण हो चूका है जबकि ३२ में कार्य जारी है । इसका जिलावार विवरण नीचे दिया गया है :

क्रम	जिला	अतिरिक्त वर्गखंड		
		लक्षित	पूर्ण	प्रगति में
१.	अहमदाबाद	१२	१२	०
२.	अमरेली	०	०	०
३.	आणंद	१	१	०
४.	बनासकांठा	०	०	०
५.	भावनगर	१०	०	१०
६.	दाहोद	३७	३७	०

क्रम	जिला	अतिरिक्त वर्गीकरण		
		लक्षित	पूर्ण	प्रगति में
७.	गांधीनगर	०	०	०
८.	जामनगर	१	१	०
९.	जूनागढ़	३	३	०
१०.	खेडा	४	४	०
११.	कच्छ	५४	५४	०
१२.	मेहसाणा	५	०	५
१३.	नर्मदा	१०	१	९
१४.	नवसारी	०	०	०
१५.	पंचमहाल	३४	३०	४
१६.	पाटण	०	०	०
१७.	राजकोट	२	२	०
१८.	साबरकांठा	१७	१३	४
१९.	सूरत	०	०	०
२०.	सुरेन्द्रनगर	९	९	०
२१.	वडोदरा	१	१	०
	कुल	२००	१६८	१२

११.५ एनपीईजीईएल पेय जल सुविधा और शौचालय

एनपीईजीईएल के तहत परियोजना जिलो में पीने के पानी की सुविधाओं तथा शौचालय संकुलों का निर्माण किया गया । लक्षित १४२ पेय जल सुविधाओं में से कुल १३६ का निर्माण पूर्ण हो चुका है जबकि ६ में कार्य जारी है । लक्षित १५२ शौचालयों में से कुल १४७ का निर्माण पूर्ण हो चूका है जबकि ५ में कार्य जारी है । इसका जिलावार विवरण नीचे दिया गया है .

क्रम	जिला	पेय जल सुविधा			शौचालय		
		लक्षित	पूर्ण	प्रगति में	लक्षित	पूर्ण	प्रगति में
१.	अहमदाबाद	१२	१२	०	१२	१२	०
२.	अमरेली	०	०	०	०	०	०
३.	आणंद	१	१	०	१	१	०
४.	बनासकांठा	०	०	०	०	०	०
५.	भावनगर	१०	४	६	१०	४	६
६.	दाहोद	३३	३३	०	३७	३७	०
७.	गांधीनगर	०	०	०	०	०	०
८.	जामनगर	०	०	०	०	०	०
९.	जूनागढ़	३	३	०	३	३	०
१०.	खेडा	४	४	०	४	४	०
११	कच्छ	४२	४२	०	४१	४१	०
१२.	मेहसाणा	५	५	०	५	५	०
१३.	नर्मदा	०	०	०	०	०	०
१४.	नवसारी	०	०	०	०	०	०

क्रम	जिला	पेय जल सुविधा			शौचालय		
		लक्षित	पूर्ण	प्रगति में	लक्षित	पूर्ण	प्रगति में
१५.	पंचमहाल	४	४	०	१०	१०	०
१६.	पाटण	०	०	०	०	०	०
१७.	राजकोट	२	२	०	२	२	०
१८.	साबरकांठा	१७	१७	०	१७	१७	०
१९.	सुरत	०	०	०	०	०	०
२०.	सुरेन्द्रनगर	९	९	०	९	९	०
२१.	वडादरा	०	०	०	०	०	०
	कुल	१४२	१३६	६	१५२	१४७	५

प्रकरण : १२
अझीम प्रेमजी फाउन्डेशन के सहयोग में नई परियोजनाए

१२.० अझीम प्रेमजी फाउन्डेशन के सहयोग मे जी.सी.ई.ई. की नई पारियोजनाए

गुजरात प्रारंभिक शिक्षा परिषद ने अझीम प्रेमजी फाउन्डेशन, बैंगलार के सहयोग में दो नवाचारी परियोजनाओं का पायलट के तौर पर इस वर्ष गुजरात में शुरु किया लर्निंग गेरन्टी प्रोग्राम (एल.जी.पी.) एवं कम्प्यूटर एइडेड लर्निंग प्रोग्राम (सी.ए.एल.पी.) । सर्व शिक्षा अभियान मिशन के गांधीनगर स्थित स्टेट प्रोजेक्ट ऑफिस में अझीम प्रेमजी फाउन्डेशन की एक इकाई शुरु की गई, जिसमें एल.जी.पी. तथा सी.ए.एल.पी. के राज्य स्तर के कोआर्डीनेटर्स को नियुक्त किया गया ।

१२.१.१ लर्निंग गेरन्टी प्रोग्राम (एल.जी.पी.)

लर्निंग गेरन्टी प्रोग्राम को दो जिलों, साबरकांठा और बनासकांठा में प्रारंभित किया गया है, जिसके तहत स्वैच्छा से भाग लेनेवाले ५०० प्राथमिक स्कूलों को शामिल किया जाना है । इसके लिए बनाए गए पर्स्पेक्टिव प्लान के अनुसार यह द्विवर्षीय योजना सन - २००८ तक चलेगी जिसके प्रमुख उदेश्य इस प्रकार हैं :

(१) सरकारी स्कूलो के बच्चों की शैक्षिक सिध्धियों का आकलन इस प्रकार के मूल्यांकन द्वारा करना जिसमें परंपरागत स्मृति या रटण आधारित शिक्षा की तुलना में ज्ञान के ग्रहण, पृथ्थकरण तथा उपयोग का परिक्षण किया जाए ।

(२) स्कूलों के बच्चों की शैक्षिक सिध्धियों के विषय में प्रतिपूर्ति प्रदान करना ताकि स्कूलों एवं शैक्षिक कर्मियों को उपयुक्त क्रिया - कलाप तथा कार्य-योजना विकसित करने में सुविधा हो सके, जिसमें वर्गखंड प्रक्रियाओं में आमूल परिवर्तन भी शामिल है ।

(३) बच्चों की शैक्षिक सिध्धि के लिए स्कूलों, शिक्षकों एवं शिक्षाकर्मियों को जवाबदेही की निश्चित करना ।

(४) राज्य सरकार को परीक्षा विषयक सुधारों को अमल में लाने के लिए प्रेरित करना, जिसका मुख्य भार ज्ञान के ग्रहण, पृथ्थकरण तथा उपयोग की क्षमता के आकलन पर हो ताकि अध्यापन-अध्ययन प्रक्रिया में आवश्यक सुधार लाने के विषय में पहल की जाए ।

१२.१.२ लर्निंग गेरन्टी स्कूल के लिए मानक

इस परियोजना में समाविष्ट प्रत्येक स्कूल को लर्निंग गेरन्टी स्कूल कहा जाता है । समभागीता

एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों का चयन तीन मानकों पर किया जाता है - नामांकन (१०० %), हाजरी (नामांकित बच्चों में से ९० % की हाजरी ७५ % होना आवश्यक) तथा शिक्षा ग्रहण सिध्धि । क्षमता परीक्षण के दौरान ८० % अंक पानेवाले बच्चों के प्रतिशत के आधार पर स्कूलों को तीन प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है, जैसे कि 'ए' (८०% बच्चोंवाले), 'बी' (७०% बच्चोंवाले) तथा 'सी' (६०% बच्चोंवाले) । जब तक यह सावित नहि होता कि हर बच्चा नामांकित है, नियमित रुप से उपस्थित रहता है तथा स्वतंत्र मूल्यांकन में उसने आवश्यक शैक्षिक सिध्धियां प्राप्त की हैं, तब तक कोई भी स्कूल यह दावा नहीं कर सकता कि उसने प्रत्येक बच्चे को शिक्षा प्रदान की है । इस प्रकार, सर्वभागी उत्कृष्टता ही मानक तय करने के लिए मुख्य निर्देशक है । इस कार्यक्रमने जान बूझकर ऐसे मानक नहि चूने कि जिनका निरपेक्ष मूल्यांकन संभव न हो या जो कि स्कूल के वश में न हो । प्रत्येक बच्चे की क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए उसका मौखिक एवं लेखित परीक्षण किया जाता है ।

१२.१.३ वर्ष २००५-०६ मे एल.जी.पी. के क्रिया-कलाप

परियोजना के लिए आकलन साधनों की संरचना के लिए एक कोर एकेडेमिक ग्रुप बनाया गया, जिसमें शिक्षक, बी.आर.सी. एवं सी.आर.सी. कोऑर्डीनेटर्स, दोनों जिलों में टीचर ट्रेनिंग कोऑर्डीनटर्स तथा जिला शिक्षा और प्रशिक्षण भवन के अध्यापक शामिल हैं । गणित, पर्यावरण और गुजराती विषयों के लिए आकलन साधनों की संरचना की गई है ।

कार्यक्रम के विषय में नवसंस्करण प्रदान करने के लिए क्लस्टर तथा तालुका स्तर पर बैठकों का आयोजन किया गया । एज्युकेशनल इनिशियेटीव्झ, अहमदाबाद द्वारा आकलन साधनों के विषय में समय समय पर प्रतिपूर्ति देकर शैक्षिक अनुसमर्थन दिया जा रहा है ।

आकलन साधनों के विषय पर प्रथम कार्यशिविर ६ अक्तूबर, २००५ को आयोजित हुआ । इसके लिए शिक्षकों ध्वारा पूर्व से ही प्रश्नपत्र तैयार किये गए थे, जिन्हें कार्यशिविर में पेश किया गया, जिनमें से श्रेष्ठत्तम प्रश्नोका चयनकर पर्यावरण, गणित एवं गुजराती विषयों के लिए सभी कक्षाओं के लिए प्रश्नपत्रो के समूह तैयार किए गए ।

द्वितीय कार्यशिविर २३-२५ नवम्बर, २००५ को आयोजित हुआ, जिसमें प्रत्येक कक्षा की प्रत्येक क्षमता के लिए प्रश्नसमूह तैयार किये गए । महज ज्ञान हासिल करने के आगे उसकी समझ, उपयोग, पृथ्थकरण तथा वर्गखंड मे ग्रहण शिक्षा के संयोजन का परीक्षण करने के हेतु से इन प्रश्नों की रचना की गई है ।

तृतीय कार्यशिविर के दौरान द्वितीय कार्यशिविर में तैयार की गई विषयवस्तु का संपादन किया गया ।

चतुर्थ कार्यशिविर के दौरान इन प्रश्न समूहो के आधार पर आदर्श प्रश्नपत्र तैयार किए गए । ये प्रश्न बहुत ही सरल है जिन्हें प्रत्येक कक्षा की प्रमुख क्षमताओं पर परीक्षित किया जा रहा है।

प्रत्येक कक्षा के लिए लेखित परीक्षा की अवधि १२० मिनट तथा मौखिक परीक्षा की अवधि १५ मिनट है । साबरकांठा तथा बनासकांठा जिलों में जिला स्तर की बैठकों का आयोजन क्रमशः २३ एवं २७ मार्च, २००६ को किया गया, जिसमें सभी बी.आर.सी. तथा सी.आर.सी. को.ओर्डीनेटर्स ने हिस्सा लिया । इन बैठकों में प्रतिभागियों का एल.जी.पी. के लिए नवसंस्करण किया गया । सी आर.सी. काओर्डीनेटर्स ध्वारा कार्यक्रम में स्वैच्छिक भाग लेनेवाले स्कूलों को संदेशपत्र तथा पोस्टर्स का वितरण किया जाएगा । कार्यक्रम में शामिल होने के लिए, स्कूलों के आवेदन भेजने की अंतिम तारीख २ मे, २००६ थी ।

१२.२ कम्प्यूटर एईडेड लर्निंग प्रोग्राम (सी.ए.एल.पी.)

गुजरात के २५ जिलों के चुनिंदा ५१७ स्कूलों में १५ अगस्त, २००५ के दिन कम्प्यूटर एईडेड लर्निंग प्रोग्राम (सी.ए.एल.पी.) का प्रारंभ किया गया । यह कार्यक्रम ग्रामीण विस्तारों के कक्षा ५ से ७ के बच्चों की अध्ययन क्षमता को आंतर क्रियात्मक सी.डी. समूह के जरिये बढाने का है । ये सी.डी. समूह स्कूल पाठ्यक्रम आधारित है, जिन्हें विशेष तौर पर बच्चों की अभिरुचि बढाने एवं शिक्षा के ग्रहण को सहायित करने के हेतु से बनाया गया है ।

सभी स्कूलों को २० सी.डी. का एक समूह प्रदान किया गया है । सी.ए.एल.पी. का उद्देश्य है एक ऐसे वातावरण का निर्माण करना जिसमें शिक्षा ग्रहण एवं परीक्षण की प्रक्रियाएं आनंदमय हों तथापि ग्रामीण बच्चों को शहरी बच्चों के समान शिक्षा के अवसर प्राप्त हों । इस कार्यक्रम द्वारा अध्ययन तथा परीक्षण को खेल स्वरुप बनाकर, शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हुए, बच्चों को स्कूलों के प्रति आकर्षित करने तथा उनका स्थायीकरण करने के प्रयास किए जा रहे हैं । सभी बच्चों को ज्ञान प्राप्ति का समान अवसर प्रदान करना इस कार्यक्रम का मुख्य हेतु है ।

१२.२.२ सी.ए.एल.पी. के उद्देश्य

बच्चों को कम्प्यूटर कौशल्य सीखाना सी.ए.एल.पी. का मुख्य उद्देश्य नहि है । इसका एकमात्र हेतु है स्कूलों में बच्चों के अध्ययन तथा शिक्षा ग्रहण के स्तर को सुदृढ बनाना ताकि वे बेहतर परिणाम पा सके । इस कार्यक्रम के मूल उद्देश्य इस प्रकार हैं :

१) बच्चों के अध्ययन स्तर पर सकारात्मक प्रभाव छोडना
२) सरकारी स्कूलों में बच्चों के नामांकन तथा हाजरी के दर को सुधारना
३) बच्चों को स्कूल के प्रति आकर्षित करना
४) स्कूल के भीतर एवं उसके आसपास उल्लासमय उत्तेजना जागृत करना
५) कठिन विषयवस्तु को सरल बनाकर अध्ययन को आनंद एवं उल्लासमय बनाना ताकि बुनियादी शिक्षा ठोस हो सके

६) आइ.टी.साक्षरता की सुदृढ नींव रखना

कथात्मक तथा चलचित्र आधारित कार्टून, आंतरक्रियात्मक खेलों तथा पहेलियों को मल्टी-मिडीया सहूलतों के जरिये सी.ए.ऐल.पी. के उदेश्यों को हांसिल करने का प्रयास किया जा रहा है । कार्टून, कहानी एवं संगीत के संयोजन द्वारा बच्चों में रुचि पैदा करने तथा उनके साहजिक कौतुहल को शिक्षा प्रक्रिया के साथ जोडकर, उनमें स्व-अध्ययन को प्रोत्साहित करनेका प्रयास किया जा रहा है ।

१२.२.३ सी.डी. की विषयवस्तु एवं विशेषताएं

इस सी.डी. समूह की विषयवस्तु सरल एवं बाल केन्द्रिय है, जिसके साथ बच्चों की सीधी आंतरक्रिया होती है । सरल पहुंच और निर्गम की सहुलतों से सी.ए.एल.पी. का नियमन स्वयं हो जाता है । बच्चों से प्राप्त प्रतिपूर्तिओं का सारांश एक वाक्य में दिया जा सकता है : "हम गलती करते हैं तो कम्प्यूटर हमें डाँटता नहि है "।

पाठ्यक्रम आधारित सी.डी. के अतिरिक्त सह अभ्यासिक शीर्षकों की शृंखला भी बनाई गई है, जिनका हेतु है ग्रामीण बच्चों को उन सारी बातों से पारिचित कराना जो कि शहरी बच्चों को सामान्यतया उपलब्ध होती हैं । इससे शहरी बच्चों को ग्रामीण बच्चों के साथ प्रतिस्पर्धा में प्राप्त पूर्वलाभ का अंतर मिट जाता हैं । इसका आधार इस सिध्धांत पर है कि सभी बच्चों को एक समान अवसर प्राप्त होने चाहिएं ताकि वे उपलब्ध मौकों के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकें ।

इस कार्यक्रम में सर्व शिक्षा अभियान द्वारा भौतिक एवं ईलेकट्रोनिक ढांचा प्रदान किया जा रहा है, जबकि अझीम प्रेमजी फाउन्डेशन द्वारा आंतरक्रियात्मक, शैक्षिक मल्टी-मिडीया सी.डी. दी जा रही हैं तथा शिक्षक प्रशिक्षण के लिए तजज्ञों की तालीम, मोनिटरींग सहाय तथा शिक्षकों को सी.डी. के विषयवस्तु को वर्गखंड में उपयोग में लाने के लिए सहयोग भी दिया जा रहा है ।

इस परियोजना में कम्प्यूटर एवं बच्चों का अनुपात है १:३, अर्थात् ३ बच्चों के जूथ द्वारा शिक्षा के लिए एक कम्प्यूटर का उपयोग किया जाता है । हर जूथ को ४०-मिनिट के दो तास हर सप्ताह दिए जाते है, जो कि उनको दिए जानेवाले शिक्षा समय का ५ % है ।

बच्चों को सी.डी. का उपयोग करने के विषय में शिक्षकों को कम्प्यूटर संबंधित प्राथमिक प्रशिक्षण दिया गया है, जैसे कि सी.डी. को कम्प्यूटर में कैसे लगाया जाता है तथा विषय वस्तु को किस प्रकार देखा और सीखा जा सकता है ।

सी.ए.एल.पी. का विषयवस्तु उन कठिन बिंदुओं को सीखाने के लिए तैयार किया गया है जिनकी परिकल्पना को बच्चों द्वारा स्पष्टतासें ग्रहण एवं पूनः दृढीभूत करने के लिए मल्टी-मिडीया टेकनोलोजी के समर्थनकी आवश्यकता है । इसकी विषयवस्तु की एक विशेषता यह है कि इसके द्वारा बच्चे, शिक्षकों द्वारा डराये-धमकाए बिना ही, सह शिक्षा के साथ अपनी गति से सीख सकते हैं ।

१२.२.३ शिक्षक की भूमिका

किसी भी अध्यापन अध्ययन प्रक्रिया में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है । सी.ए.एल.पी. में इस भूमिका को सक्रिय रुप से बढावा दिया जाता है, क्यूंकि सी.डी.का प्रयोग दृढीकरण के लिए एक अध्ययन साधन की तरह किया जाता है, शिक्षक के विकल्प के रुप में कतई नहि । शिक्षक द्वारा एक नये विषय या परिकल्पना का परिचय देने के बाद, वर्गखंड में इन सी.डी. को दिखाए जाने से अध्ययन का बेहतर दृढीकरण हो सकता है । अतः बच्चों को असरदार शिक्षा प्रदान करने के लिए, सी.डी. एवं शिक्षक एक दूसरे के पूरक की भूमिका अदा करते है ।

प्रकरण : १३

डिस्ट्रीकट प्रायमरी एज्यूकेशन प्रोग्राम का समापन

१३.० डिस्ट्रीकट प्रायमरी एज्यूकेशन प्रोग्राम का समापन

गुजरात प्राथमिक शिक्षा परिषद द्वारा बनासकांठा, पंचमहाल एवं डांग जिलों में डिस्ट्रीकट प्रायमरी प्रोग्राम (डीपीईपी-२) के सफल अमलीकरण के बाद उसे साबरकांठा, कच्छ और सुरेन्द्रनगर जिलों में बाह्य सहायित तथा भावनगर, जामनगर और जूनागढ जिलों में गुजरात सरकार द्वारा सहायित डिस्ट्रीकट प्रायमरी एज्यूकेशन प्रोग्राम (डीपीईपी ४) के अमलीकरण की जिम्मेदारी सौंपी गई थी । भारत सरकार के आदेशानुसार इस परियोजना का समापन निश्चित अवधि से पूर्व ही जून २००५ में किया गया ।

१३.२ बजट और खर्च

डीपीईपी ४ के समापन पर यह पाया गया की विभिन्न घटकों और प्रवृत्तियों पर किये गए खर्च के मापदंड से परियोजना की कार्यवाही काफी संतोषप्रद रही है, जैसा कि नीचे दी गई सारणी से फलित होता है :

(रु. लाखों में)

क्रम	वर्ष	मंजूर बजट	प्राप्त अनुदान भारत सरकार	गुजरात सरकार	कुल	खर्च
१	२००१-०२	१८०४.८६	८००.००	२९२.५०	१०९२.५०	३४८.९०
२	२००२-०३	३३१७.८८	२२००.००	२४७.५०	२४४७.५०	१२४२.५९
३	२००३-०४	३७८४.१०	१६७३.३१	३१९.००	१९९२.३१	२२५९.४५
४	२००४-०५	४३२८.७१	२२७९.३८	६५०.००	२९२९.३८	२५९१.६३
५	२००५-०६	१४६१.७६	७९५.१०	९६.२५	८९१.३५	२१३४.३२

(ता.३०-६-२००६ तक)

१३.२ निर्माण कार्य

डीपीईपी के तहत निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार तमाम निर्माण कार्य पूर्ण किए गए । अतिरिक्त वर्गखंड, नए स्कूल भवन तथा मरम्मत के १०० % कार्यों को पूर्ण किया गया, जिसका विवरण इस प्रकार है :

क्रम	जिला	अतिरिक्त वर्गखंड		नए स्कूल भवन		स्कूल भवन की मरामत	
		लक्षित	पूर्ण	लक्षित	पूर्ण	लक्षित	पूर्ण
१	कच्छ	२३३	२३३	२२	२२	१०	१०
२	सावरकांठा	१९९	१९९	५९	५९	३७८	३७८
३	सुरेन्द्रनगर	२९६	२९६	१४	१४	३३	३३
	कुल	७२८	७२८	९५	९५	४२१	४२१

इसी तरह से बी.आर.सी., शौचालय एवं पेय जल सुविधा के १००% कार्यो को पूर्ण किया गया, जिनका विवरण नीचे दिया गया है ।

क्रम	जिला	बी.आर.सी.		शौचालय		पेय जल सुविधा	
		लक्षित	पूर्ण	लक्षित	पूर्ण	लक्षित	पूर्ण
१	कच्छ	०६	०६	१७०	१७०	२४३	२४३
२	सावरकांठा	१३	१३	१७५	१७५	१६२	१६२
३	सुरेन्द्रनगर	१०	१०	१७५	१७५	१६३	१६३
	कुल	२९	२९	५२०	५२०	५६८	५६८

सी.आर.सी कम्पाउन्ड वोल एवं विद्युतिकरण के १००% कार्यो को आयोजन के अनुसार पूर्ण किया गया, जिसका विवरण नीचे दिया हैं :

क्रम	जिला	सी.आर.सी.		कम्पाउन्ड वोल		विद्युतिकरण	
		लक्षित	पूर्ण	लक्षित	पूर्ण	लक्षित	पूर्ण
१	कच्छ	११०	११०	३६	३६	१८०	१८०
२	सावरकांठा	१०२	१०२	००	००	००	००
३	सुरेन्द्रनगर	७८	७८	००	००	००	००
	कुल	२९०	२९०	३६	३६	१८०	१८०

२३.३ ओ.आर.जी. द्वारा कार्यवाही का मूल्यांकन

ओपरेशन रिसर्च ग्रूप (ओ आर जी.), वडोदरा को डीपीईपी (अमलीकरण २०००-२००५) के तहत की गई कार्यवाही का मूल्यांकन सौंपा गया था, जिसके द्वारा यह अहेवाल दिया गया है कि परियोजना के अधिक्तम उदेश्यों को सिध्ध किया जा सका है, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है :

१) बच्चों के समुचे अध्ययन स्तर में सुधार :

भाषा एवं गणित के विषयों में कक्षा-३ के बच्चों के अध्ययन स्तर कक्षा २ के बच्चों के मुकाबले में में कम पाए गए ।

कक्षा १ में वर्च्यों के अध्ययन स्तर भाषा (औसतन ६१.५%) की तुलना में गणित (औसतन ६५.६ %) में बेहतर पाए गए

कक्षा - ३ के बच्चों का प्रदर्शन भाषा (औसतन ४४ %) में गणित (औसतन ३५.६ %) की तुलना में बेहतर पाया गया ।

बेझ लाईन सर्वे की तुलना में कक्षा - १ एवं कक्षा - ५ के बच्चों का प्रदर्शन भाषा एवं गणित में अंतिम सर्वेक्षण के दौरान बेहतर पाया गया ।

२) अपव्यय के दर में कमी :

सन २००१-२००२ की तुलना में सन २००४-२००५ के दौरान डीपीईपी परियोजना जिलों में बच्चों के अपव्यय अर्थात् स्कूल छोड जाने के दर में प्रतिशत कमी इस प्रकार पाई गई :

- कच्छ : २४.४५ % (समग्र), २६.१३ % (कुमार), २१.८० % (कन्या)
- सुरेन्द्रनगर : ३२.७० % (समग्र), २८.३० % (कुमार), ३६.८९ % (कन्या)
- साबरकांठा : ३८.५३ % (समग्र), ३३.०९ % (कुमार), ३६.३८ % (कन्या)

३) सार्वत्रिक नामांकन :

(क) ९५.६३ एन.ई.आर. के साथ लगभग सार्वत्रिक नामांकन पाया गया है ।

(ख) परियोजना जिलों में कन्याओं से कुमार के नामांकन अनुपात में सुधार हुआ है जो कि नीचे दर्शाया गया है :

- कच्छ : ८०० (२००१-०२ में) से ८५५ (२००४-०५ में)
- सुरेन्द्रनगर : ८०९ (२००१-२० में) से ८६० (२००४-०५ में)
- साबरकांठा : ८४७ (२००१-०२ में) से ८६७ (२००४-०५ में)

१३.४ पी.टी.आर. एवं एम.सी.आर. में सुधार

विद्यासहायक योजना के सफल अमलीकरण के चलते परियोजना में प्युपील टीचर रेशियो (पी.टी.आर.) अर्थात् विद्यार्थी शिक्षक अनुपात में सुधार हुआ है । स्कूलों के नए भवनों एवं अतिरिक्त वर्गखंडो के निर्माण तथा मरम्मत जैसे कार्यो से परियोजना जिल्लों के स्टूडन्टस क्लासरुम रेशियो (एस.सी.आर.) अर्थात् विद्यार्थी वर्गखंड अनुपात में गणनापात्र सुधार हुआ है, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है :

जिला	वर्ष	नामांकित बच्चे	शिक्षकों की संख्या	पी.टी.आर.	एस.सी.आर.
कच्छ	२००१-०२	११४८३	२८३७	३९.३०	५७
	२००४-०५	१७४११०	५६१८	३०.९९	३१
साबरकांठा	२००१-०२	२६१४९६	८५४३	३०.६१	२८
	२००४-०५	२६५८९६	९२५०	२८.७४	२५
सुरेन्द्रनगर	२००१-०२	१८५७८३	४५४६	४०.८७	४५
	२००४ ०५	१९३६५१	५९६१	३२.४८	३५

१३.५ स्कूल से बाहर रहनेवाले बच्चों का समावेश

सन २००१ में किए गए गृह सर्वेक्षणों में डीपीईपी ४ के परियोजना जिलों कच्छ, सुरेन्द्रनगर और साबरकांठा में ६-११ वर्ष की आयु के कुल ४९,८१० बच्चे स्कूल से बाहर पाए गए थे जिनमें २०,४२० कुमार थे जबकि २९,३९० कन्याएं थीं ।

१३.६ वैकल्पिक शिक्षा कार्यक्रम में समाविष्ट बच्चे

डीपीईपी के परियोजना जिलों में जहां शिक्षा सुविधा उपलब्ध नहीं थी ऐसे विस्तारों में स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों को समाविष्ट करने के लिए कुल १,१०७ वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र बेक-टु-स्कूल कार्यक्रम के तहत खोले गए, जिनमें १२,०७८ कन्याओं एवं ११,२२० कुमारों सहित कुल २३,२९८ बच्चों का समावेश किया गया, जिसका विवरण नीचे दिया गया है :

जिला	२००३-२०४				२००४-०५				२००५-०६			
	केन्द्र	कुमार	कन्या	कुल	केन्द्र	कुमार	कन्या	कुल	केन्द्र	कुमार	कन्या	कुल
कच्छ	१२९	१२७३	१५८०	२८५३	८६	६९९	८१५	१५१४	९९	८१८	१००७	१८२५
एस के	१५९	१३०८	१८३२	३१४०	२४०	३५४३	२८३१	६३७४	२०	१५२	२४८	४००
सुरेन्द्र.	११९	११८२	१५२२	२७०४	१६७	१३४८	१३२३	२६७१	८८	८९७	९२०	१८१७
कुल	४०७	३७६३	४९३४	८६९७	४९३	५५९०	४९६९	१०५५९	२०७	१८६७	२१७५	४०४२

१३.६.१ मुख्य प्रवाह में शामिल बच्चे जो स्कूल से बाहर हैं

कच्छ, सुरेन्द्रनगर एवं साबरकांठा जिलों में स्कूल से बाहर रहनेवाले कुल ३२६० बच्चों को मुख्य प्रवाह के स्कूलों में नामांकित किया गया, जिसका विवरण इस प्रकार है

क्रम	जिला	कुमार	कन्या	कुल
१	कच्छ	२९०	२०५	४९५
२	साबरकांठा	९०१	९६६	१८६७
३	सुरेन्द्रनगर	३९३	५०५	८९८
	कुल	१५८४	१६७६	३२६०

१३.६.२ ब्रीज कोर्स

डीपीईपी - ४ जिलों साबरकांठा एवं सुरेन्द्रनगर में ब्रिज कोर्प कार्यक्रम द्वारा कुल ३८२२४ बच्चों को अपव्यय को रोका गया, जैसा कि नीचे दिखाया गया है :

जिला	२००३-०४			२००४-०५			२००५-०६		
	केन्द्र	नामांकन	पास	केन्द्र	नामांकन	पास	केन्द्र	नामांकन	पास
सुरेन्द्रनगर	९९५	२२१२२	९६७७	३५७	८५७१	२४४७	९१९	१९३९४	७१८३
साबरकांठा	९८०	१५६८१	८६९१	९८५	२४६८९	९०४२	८२२	३२७८५	११३९४
कुल	१९७४	३७८०३	१८३६८	१३४२	३३१६०	११४८९	१७४२	१२१७६	१८५७७

१३.७ कन्या शिक्षा

डीपीईपी के तहत कन्या शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए निम्नदर्शित क्रिया कलाप किए गए :

- माँ - बेटी सम्मेलन
- मीना एवं संशोधन मुहिम
- जानकारी बढाने के लिए पडौस के गाँवो के दौरे
- गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के विशेष कार्यक्रम
- ८ मार्च को आंतर-राष्ट्रिय महिला दिवस मनाना
- पंचायतों के महिला सरपचो द्वारा सदस्यों का सामुदायिक नेतृत्व का प्रशिक्षण दिया गया ।
- शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित लेखका द्वारा शिक्षकों, समूदायों एवं स्कूल के छात्रों के लिए कहानियां लिखाई गई ।
- शिक्षा एवं जनजागृति के लिए कठपूतलियों के उपयोग के लिए बी.आर.सी. तथा सी.आर.सी. कोओर्डीनेटर्स एवं शिक्षको के लिए प्रशिक्षण शिबिर आयोजित किए गए । कठपूतलियों के निर्माण एवं उपयोग के लिए विशेष मार्गदर्शिका विकसित और वितरित की गई ।
- ८ मार्च, २००५ के दिन विविध स्तरों पर कठपूतलियों के कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

१३.७.१ ई. सी. सी. ई.

कठिन भौगोलिक एवं सामाजिक परिवेशवाले जिन विस्तारों में आई.सी.डी.एस. की आंगनवाडियां नहि थीं, वहाँ ०-५ वर्ष वयजूथ के बच्चों के लिए डीपीईपी ४ के तहत कुल ५८० ईसीसीई केन्द्र खोले

गए, जिनमें कुल १४,५०० बच्चों को समाविष्ट किया गया, जिसका विवरण नीचे दिया है :

क्रम	जिल्ला	खोले गए ईसीसीई केन्द्रों की संख्या	नामांकित बच्चों की संख्या
१	साबरकांठा	१९०	४७५०
२	सुरेन्द्रनगर	२८०	७०००
३	कच्छ	११०	२७५०
	कुल	५८०	१४५००

तमाम ईसीसीई केन्द्रों को ईसीसीई कर्मियों के लिए प्रशिक्षण मार्गदर्शिका, प्रगति एवं मूल्यांकन रजिस्टर, हाजिरी रजिस्टर, चित्रावली, कन्या शिक्षा संवेदित प्ले कार्डस, पहेलियां तथा सामान रखने के लिए पेटियां दी गई ।

१३.८ शिक्षण प्रशिक्षण

पूर्व की व्याख्यान आधारित एक पक्षीय प्रक्रिया के स्थान पर शिक्षक प्रशिक्षण में अब अधिक आंतरक्रिया युक्त द्विपक्षीय प्रक्रिया को अपनाया गया है । इस प्रकार के प्रशिक्षण में भाषण के स्थान पर प्रशिक्षणार्थियों के लिए एक प्रयोगात्मक अनुभव देने का प्रयास होता है, जैसा कि कोई प्रवृत्ति करना, भूमिका अदा करना, गद्यपाठ करना अथवा कुछ विशेष कार्य या कवायत करना ताकि प्रयोग के दौरान ही स्वानुभव द्वारा पृथ्थकरण किया जा सके । इस प्रकार, प्रयोगात्मक प्रशिक्षण ने पूर्व के उस प्रशिक्षण का स्थान ले लिया है जिसमें प्रतिभागी को कोई भूमिका अदा करनी नहि होती थी ।

सन २००५-०६ के दौरान कच्छ, साबरकांठा एवं सुरेन्द्रनगर जिल्लो में १,२३,८६८ मानव दिवसों के लिए शिक्षण - प्रशिक्षण दिया गया, जिसके विषय थे एकीकृत बहुवर्गीय शिक्षा, टी.एल.एम. का निर्माण, शिक्षको तथा वी.ई.सी., एम.टी.ए. और पी टी.ए. सदस्यों की डीपीईपी में उनकी भूमिका तथा बच्चों के सार्वत्रिक नामांकन, स्थायीकरण, नियमित हाजरी, उपचारात्मक शिक्षा तथा कन्या शिक्षा के विषय में नवसंस्करण । निम्नदर्शित सारणी में डीपीईपी ४ जिल्लों में सन २००२-०५ से २००४ ०५ तक दिए गए शिक्षक प्रशिक्षण का ब्योरा दिया गया है ।

	२००२-०२	२००२-०३	२००३-०४	२००४-०५
प्रशिक्षण शिक्षको की संख्या	३१०	३९४५	१४२७६	१३९८६

१३.९ दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम

पर्यावरण, गणित, समाजविद्या एवं वैकल्पिक शिक्षा के विषयों को सीखाने के लिए तीन ओडियो केसटस का एक सेट निर्मित किया गया, जिस सभी बी.आर.सी. तथा सी.आर.सी. कोआर्डीनेटर्स को

वितरित किया गया । एक ओडियो केसेट्स यूझर्स मेन्युअल तथा एक्शन रिसर्च मोडयूल भी विकसित किया गया जिसे सभी बी.आर.सी. एवं सी.आर.सी. कोओर्डीनेटर्स तक वितारित किया गया ।

अध्यापन विद्या, वी.ई.सी., एम.टी.ए. एवं पी.टी.ए. के सदस्यों की भूमिका, निर्देशन पाठ, विकलांग बच्चों के लिए एकीकृत शिक्षा तथा वैकल्पिक शिक्षा के विषयों पर एक तरफा विडियो दो तरफ ऑडियो टेलिकोन्फरन्सीस का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया ।

प्रकरण - १४
वित्त और लेखा

१४.० ऑडिट एण्ड एकाउन्ट्स

वर्ल्ड बैंक के साथ हुए करार के मुताबिक, राज्य अमलीकरण संस्थान द्वारा डीपीईपी के स्वतंत्र हिसाब निभाये गये, जिसके आखरीकृत अहवालों को वर्ल्ड बैंक के नियमो के अनुसार ऑडिट किया गया तथा वर्ल्ड बैंक को भेजा गया । वर्ष २००४ - ०५ और २००५ - ०६ के अहवाल वर्ल्ड बैंक को निश्चित समयावधि में भेज गये । इस वर्ष के वार्षिक अहवाल को भारत सरकार को भेजा जा चुका है ।

इसी प्रकार सर्व शिक्षा अभियान के अहवाल को ऑडिट किये गये हिसाब के साथ भारत सरकार को भेजा गया । सर्व शिक्षा अभियान के वर्ष २००४ - ०५ के वार्षिक अहवाल तथा ऑडिटेड एकाउन्ट्स को निश्चित समयावधि में भारत सरकार को भेजा गया ।

१२.१ एसएसए में वित्तीय प्रदर्शन

गुजरात में सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष २००५ - ०६ के लिये कुल रु.२६५.६६ करोड़ का बजेट मंजूर हुआ था, जबकि परियोजना जिलों में विविध प्रवृत्तिओं के लिये कुल रु. २०५.७१ करोड़ खर्च किये गये हैं। धनराशि की मुक्ति एवं प्राप्ति की स्थिति सरल रही, जिसके अंतर्गत भारत सरकार द्वारा रु. १२८.५१ करोड़ तथा गुजरात सरकार द्वारा रु. ७५.६० करोड़ प्राप्त हुए, जिसके कारण एन्युअल वर्क प्लान और बजट के कार्यक्रमों के मुताबिक असरदार अमलीकरण में सुगमता हुई ।

(रु. करोड़ में.)

वर्ष	बजट	प्राप्त धनराशि			खर्च
		जीओआई	जीओजी	कुल	
२००१-२००२	३७.५८	१७.६६	३.११	२०.७७	१४.१९
२००२-२००३	१२९.५८	९८.७२	२२.५०	१२१.२२	९६.५२
२००३-२००४	२२७.७४	१९५.२५	२१.८८	२१६.८३	१४३.११
२००४-२००५	२४५.०७	१५२.४५	६१.२१	२१३.६६	१५१.६३
२००५-२००६	२६५.६६	१२८.५१	७५.६०	२०४.११	२०५.७१
कुल	**९०६.०३**	**४७२.५९**	**१८४.०**	**६५६.५९**	**६१३.५८**

१४.२ एसएसए में प्रवृत्ति के अनुसार वित्तीय प्रदर्शन

वर्ष २००५- ०६ सर्व शिक्षा अभियान के तहत विविध प्रवृत्तियों के लिय किय गये खर्च का विवरण इस प्रकार है :

प्रवृत्तियों के अनुसार वर्ष २००५-०६ में वित्तीय प्रदर्शन

(रु. लाख में.)

प्रवृत्तियाँ	स्वीकृत		प्रगति		प्रदर्शन %	
	लक्ष्य	आर्थिक	लक्ष्य	आर्थिक	लक्ष्य	आर्थिक
शिक्षक वेतन	०	०	०	०	०	०
निर्माण कार्य	०	९१२०.२४	०	८७१८.७०	९४.७०	९५.५९
विद्यालयो म मरम्मत कार्य	५५७१९	२५८६.९५	४९०००	२३८०.२८	१७.६८	९२.०१
प्राइमरी स्कूल में टीएलई	२४८२	१२४०.७७	४३९	२१९.१६	९९.३४	१७.६६
स्कूल ग्रान्ट	४७७१०	९५४.२०	४७३९७	९०३.४७	१००.०८	९५.६८
